# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025



A Legacy of
26 Years
of Excellence

Reinvented for the Future

Rungta Educational Foundation

Is Now

RUNGTA
INTERNATIONAL SKILLS
UNIVERSITY

Education | Employability | Entrepreneurship

Central India's **Most Trusted** Educational Group

**20,000+** Global Alumni Footprint

**250+** Recruiters Including Microsoft, Google, Amazon, & More

**38 LPA** Highest Package by Amazon

**6.5 LPA** Average Package

**50+** Global Academic Alliances

**13+** Nationalities Represented On Campus

**200+** Patents (Filed/Granted)

**5 Crores+** Govt. Fund for Research

**60+** Startups Incubated in Campus

Deepak Advertisers



# RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY

R1

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC | nirf INNOVATION | NBA

## In-Demand Degrees Boosted with Industry-Ready Certifications



For Your Career Success

# 50+ UG & PG Programmes

Affordable and Industry-Aligned Education with Global Edge

### Rungta School of Computer Science & Engineering

- B.Tech. CSE in association with Google
- B.Tech. CSE Artifical Intelligence in association with Google
- B.Tech. CSE AI & ML in association with Google
- B.Tech. CSE Data Science in association with Google
- B.Tech. CSE AI & ML in association with IBM
- B.Tech. CSE Cyber Security in association with EC Council
- B.Tech. Information Technology
- M.Tech. Computer Science & Engineering

### Rungta School of Engineering & Technology

- B.Tech. Civil Engineering
- B.Tech. Electrical Engineering
- B.Tech. Electronics & Telecommunication
- B.Tech. Mechanical Engineering
- B.Tech. Mining Engineering
- M.Tech. Structural Engineering
- Diploma Electrical Engineering
- Diploma Mechanical Engineering

### Rungta School of Life Sciences

- B.Sc. - Biotechnology - Zoology / Botany
- B.Sc. - Forensic Science
- B.Sc. - Bio Informatics
- M.Sc. - Biotechnology
- M.Sc. - Bio Informatics

### Rungta School of Pharmacy

- B. Pharmacy
- D. Pharmacy
- M. Pharma - Pharmaceutics
- M. Pharma - Pharmacology
- B. Pharmacy - Practice

### Rungta School of Management & Commerce

- BBA
- BBA Global
- BBA Business Analytics in association with IBM
- MBA
- MBA Global
- MBA Business Analytics in association with IBM
- BBA MBA (Integrated)
- B.Com

### Rungta School of Information Technology

- BCA AI & ML in association with Google
- BCA Data Science in association with Google
- BCA Full Stack in association with Google
- MCA AI & ML in association with Google
- MCA Data Science in association with Google
- MCA Full Stack in association with Google
- BCA & MCA (Integrated) - AI & ML in association with Google
- BCA & MCA (Integrated) - Data Science in association with Google
- BCA & MCA (Integrated) - Full Stack in association with Google
- B.Sc. Computer Science AI & ML in association with Google
- M.Sc. Computer Science AI & ML in association with Google
- PGDCA
- DCA

### Rungta School of Sciences

- B.Sc. - PCM
- M.Sc. - Maths
- M.Sc. - Physics
- M.Sc. - Chemistry

### Rungta School of Education

- B.Ed.
- M.Ed.
- D.Ed.

## 20+ Add-on Certifications

with Every Degree in Industry-Focused Areas

### Powered by Tech Giants & Academic Leaders

Google Cloud | Microsoft Education | University of Cambridge | Harvard Business School | EC-Council | IBM | Stanford University | University of Michigan | amazon | Meta | UC Irvine | NVIDIA | DeepLearning.AI | The Linux Foundation | tableau

Deepak Advertisers

## Top Recruiters

Rungta Educational Campus
Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

www.rungta.ac.in

Admissions Open

+91 9016 11 3333

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

कालाबाजारी की आशंका रहेगी

## पीक टाइम में बढ़ेगा किसानों का संघर्ष



हरिभूमि फॉलोअप

*छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन धान व अन्य फसलों के लिए डीएपी खाद मिलना बड़ा मुश्किल होता दिख रहा है। मार्कफेड एवं सहकारिता क्षेत्र के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो इस सीजन में डीएपी खाद की उपलब्धता अब मुश्किल है।*

# सोसाइटियों में नहीं मिलेगी डीएपी, खुले बाजार में कीमत 1750, किसानों को एनपीके का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगलपुर/ दुर्ग/ राजनांदगांव

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से यहां सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है, इसलिए सोसाइटियों में डीएपी का विकल्प एनपीके के रूप में दिया जा रहा है। खास बात यह है कि जो खाद यानी डीएपी सोसाइटियों में नहीं है, वह खुले बाजार में मिल रही है,पर कीमत ज्यादा है। बाजार में अभी 1750 रुपए कीमत चल रही है, जो पीक टाइम में और बढ़ेगी। हालात को देखते हुए अभी कृषि विभाग की सलाह पर मार्कफेड किसानों के ▶▶|शेष पेज 5 पर


रूस-यूक्रेन युद्ध ने रोकी डीएपी की सप्लाई, सोसाइटियां खाली, चाहिए सवा दो लाख टन से ज्यादा, अभी तक पहुंची सिर्फ 44 हजार टन

### क्यों है इसकी जरूरत

डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) धान की खेती के लिए एक महत्वपूर्ण उर्वरक है, क्योंकि इसमें नाइट्रोजन (18%) और फॉस्फोरस (46%) की उच्च मात्रा होती है, जो पौधों के विकास और उपज के लिए आवश्यक है। धान की खेती में डीएपी का उपयोग इसलिए जरूरी है कि फॉस्फोरस धान के पौधों की जड़ों को मजबूत करता है, जिससे पौधा मिट्टी से पानी और पोषक तत्वों को बेहतर अवशोषित कर पाता है।

## किसान कहते हैं....

दुर्ग जिले में इस बार डीएपी खाद की बेहद कमी है, जिसके कारण बारिश होने के बाद किसान बोआई नहीं कर पाए है। बताया जा रहा है कि यहां डीएपी के शॉर्टेज की स्थिति ऐसी है कि पिछले साल के मुकाबले आधे से भी ज्यादा भंडारण के टारगेट पर कैंची चला दी गई है।

सोसायटियों में किसान केसीसी में खाद और नगदी राशि की एंट्री करा रहे है। पन्द्रह दिन गुजरने के बाद भी खाद नहीं आने की जानकारी दी जा रही है। नगपुरा के किसान पुकेश्वर साहू ने बताया कि दमोदा, भेडसर, रसमडा सहित आसपास के सोसायटी में डीएपी खाद की शॉर्टेज बनी हुई है। जानकारी अनुसार पिछले साल जिले में 14915 टन डीएपी खाद वितरण का टारगेट रखा गया था, लेकिन इस बार ▶▶|शेष पेज 5 पर

### राजनांदगांव में भी बढ़ी परेशानी

*राजनांदगांव के पैलीमेटा, मोहगांव, ठाकुरटोला सोसायटी में डीएपी खाद बिल्कुल नहीं है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। पैलीमेटा सोसायटी में मानपुर से पहुंचे किसान ईश्वर यादव और मोहगांव के खेलू राम जंघेल ने बताया कि बीते क ई दिनों से वे डीएपी खाद के लिए सोसायटी आ रहे हैं, लेकिन सोसायटी में डीएपी खाद का स्टाक नहीं होने से उन्हें खाद नहीं मिल रही है।*

***नहीं कट रही पर्ची*** *-राजनांदगांव के ही विचारपुर सोसायटी में भी डीएपी का सीमित स्टाक पहुंचा। जिसे सोसायटी के कुछ किसानों को पर्चे के हिसाब से वितरण कर दिया गया है। वर्तमान में यहां डीएपी खाद नहीं है। सोसायटी पहुंचे किसान मोहन भारती और तीरथ जंघेल ने बताया कि डीएपी खाद की पर्ची नहीं कट रही है। वहीं, अन्य खाद के लिए पर्ची मिली है।*

### सिर्फ लिखा रहे

*केसीसी में खाद और नगद राशि लिखा रहे हैं, लेकिन पन्द्रह दिन से चक्कर काटने के बाद भी डीएपी नहीं मिल रही है।*

*पुकेश्वर साहू, किसान नगपुरा*

### मिलाकर छिड़कने की सलाह

*डीएपी खाद सोसायटी में उपलब्ध नहीं होना प्रबंधक कह रहे हैं। उसकी जगह एनपीके साहित अन्य खाद मिलाकर छींटने कहा जा रहा है। हमारी मांग डीएपी खाद की है।*

*झबेन्द्र भूषण वैष्णव, बोरई*

## बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र, यूपी से जम्मू-कश्मीर तक कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

# देश में तेजी से फैल रहे मानसूनी बादल छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा से आगे नहीं बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरे दक्षिण भारत, आंशिक मध्य भारत और पूर्वोत्तर में देश के कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। खास तौर पर समुद्र तटीय राज्यों में बारिश के साथ-साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जिसके कारण देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के कई राज्यों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। इसके साथ ही दक्षिणी राज्यों में भी बारिश का अलर्ट है। इधर, छत्तीसगढ़ में एंट्री के बाद मानसून दंतेवाड़ा से आगे नहीं बढ़ पाया है।

■ आईएमडी ने केरल के आठ जिलों में जारी किया 'रेड अलर्ट

आईएमडी के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने बताया कि देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र खास तौर पर पंजाब और हरियाणा में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में भी ऐसा ही हो सकता है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में बारिश के साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। इसके लिए वहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दिल्ली में भी आज ▶▶|शेष पेज 5 पर

*देश के 15 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है और कई राज्यों में प्री-मानसून वर्षा हो रही है। दिल्ली और उत्तरप्रदेश में गुरुवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। केरल-कर्नाटक और महाराष्ट्र में बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में मई में बर्फबारी हुई और कांगड़ा में ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई है और गर्मी से राहत मिली है। पर्यटक इन मौसमों का आनंद लेने हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर पहुंच रहे हैं।*

### 15 राज्यों में मानसून की दस्तक, कई राज्यों में प्री-मानसून वर्षा



### तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों के लिए चक्रवाती तूफान

इस बीच, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों के लिए चक्रवाती तूफान को लेकर चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी ने बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के चलते बंदरगाहों पर चक्रवात चेतावनी संकेत जारी करने की सलाह दी है। चक्रवात चेतावनी संख्या 1 को 7 बंदरगाहों पर जारी किया गया है।

### राजस्थान में थोड़ी राहत

राजस्थान में कुछ स्थानों पर बीते चौबीस घंटे में बारिश हुई जबकि बाकी जगह तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, गुरुवार को सुबह तक, बीते चौबीस घंटे के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा रेवदर (सिरोही) में 53 मिलीमीटर हुई। बाकी इलाकों में तेज गर्मी जारी है और बीकानेर संभाग में कहीं कहीं ऊष्ण रात्रि दर्ज की गई।

### केरल और लक्षद्वीप क्षेत्र भारी बारिश का अनुमान

वहीं, मौसम विभाग ने केरल और लक्षद्वीप क्षेत्र के लिए भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों के दौरान केरल और लक्षद्वीप क्षेत्र में निचले क्षोभमंडल स्तर पर तेज पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। इनके प्रभाव से केरल में छिटपुट स्थानों पर भारी वर्षा सहोने की संभावना है।

### दंतेवाड़ा में ठहरा मानसून, रायपुर में प्री मानसून

*छग में मानसून ने 28 मई को दंतेवाड़ा से एंट्री की। मानसूनी हवा की गति को देखते हुए इसके अन्य जिलों में जल्द प्रवेश की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दंतेवाड़ा के अलावा अन्य जिले अभी भी मानसून से अछूते ही हैं। पूर्व में निर्मित सिस्टम के कारण मानसूनी हवा तेज गति से आगे बढ़ रही थी। इसके चलते प्रदेश में मानसून रिकॉर्ड समय से पहले पहुंच गया। अब सिस्टम के अपेक्षाकृत कमजोर होने के कारण मानसूनी हवा की गति कम हो गई है। इस कारण इसके अन्य जिलों में पहुंचने में समय लग सकता है। सामान्यतः मानसून के छग प्रवेश के 48 घंटों के भीतर ही यह पूरे प्रदेश को कवर कर लेता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। फिलहाल प्रदेश में आने वाले* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## ओडिशा व छग में 9 लाख का ईनाम था घोषित

# वांटेड हार्डकोर नक्सली हिड़मा एके-47 के साथ दबोचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा के कोरापुट जिले स्थित पेटगुड़ा जंगल से घेराबंदी कर दर्जनों नक्सल मामलों में शामिल हार्डकोर नक्सली कुंजाम हिड़मा उर्फ मोहन को कोरापुट पुलिस व डिस्ट्रिक्ट वॉलंटरी फोर्स (डीवीएफ) की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। हिड़मा के कब्जे से एके 47 रायफल के साथ विस्फोटक भी बरामद किया गया है। उसके खिलाफ ओडिशा पुलिस ने चार लाख व छग पुलिस ने पांच लाख का ईनाम घोषित कर रखा था।

■ ओडिशा के व्यापारीगुड़ा व माथली थाना में 7 मामले थे दर्ज

कोरापुट एसपी रोहित वर्मा ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर एसडीओपी जयपुर पार्थ कश्यप व एसी डीआईवोसी दिव्य प्रसाद परिडा के नेतृत्व में एक टीम माओवाद प्रभावित इलाके के रूप में जाने जाने वाले व्यापारीगुड़ के घने जंगलों में नक्सल अभियान के लिए कोरापुट पुलिस व डिस्ट्रिक्ट वॉलंटरी फोर्स के साथ रवाना किया गया था। जिला पुलिस और डीवीएफ की टीम ने अभियान के दौरान पेटगुड़ा जंगल से घेराबंदी कर एरिया कमेटी मेंबर कुजांम हिड़मा उर्फ मोहन निवासी जंगागुड़ा थाना उसूर बीजापुर को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ ओडिशा के माथली व व्यापारीगुड़ा थाना में सात मामले पूर्व से दर्ज है।



### इन मामलों में थी तलाश बरामद हुआ विस्फोटक

गिरफ्तार नक्सली हिड़मा के कब्जे से एके 47 रायफल के अलावा 35 राउण्ड व एक मेगजीन, 27 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 90 नान इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 2 किलो गन पाउडर, 2 स्टील कन्टेनर के अलावा वाकीटॉकी, नक्सली सामग्री व अन्य सामान बरामद किया गया ▶▶|शेष पेज 5 पर



### मिलिट्री चीफ बारसे हिड़मा की गिरफ्तारी को लेकर होती रही चर्चा

ओडिशा पुलिस द्वारा कुंजाम हिड़मा उर्फ मोहन को गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिलने के बाद गुरूवार सुबह से शाम तक पूरे बस्तर संभाग में मिलिट्री चीफ बारसे हिड़मा को गिरफ्तार किए जाने की चर्चा होती रही। शाम को कोरापुट एसपी के प्रेसवार्ता के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि गिरफ्तार नक्सली हिड़मा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इंडियन प्रीमियर लीग स्कोर बोर्ड

| पंजाब | VS | बेंगलुरु |
|---|---|---|
| 101/10 | | 106/2 |

8 विकेट से जीता बेंगलुरु

3 विकेट : सुयश शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
गुजरात/मुंबई
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### पत्नी की जान लेकर पति ने की आत्महत्या

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के खुमानपुरा गांव में शराब के नशे में एक व्यक्ति ने हंसिये से पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में खुद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। लीलहर का पुरा गांव का निवासी रामविलाश कुशवाहा (55) और उसकी पत्नी सरोज (50) खुमानपुरा गांव में एक व्यक्ति की जमीन पर बटाई पर खेती करते थे।

### दिग्गज अभिनेता और लेखक राजेश का निधन

**चेन्नई।** दिग्गज फिल्म अभिनेता और लेखक राजेश का बृहस्पतिवार को उम्र संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। पराजेश ने कई फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से अपनी सफलता की कहानी लिखी। वह 75 वर्ष के थे। राजेश को बेचैनी की शिकायत के बाद यहां एक अस्पताल ले जाया गया। तमिल फिल्मों के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत सहित फिल्मी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया।

# माशिम के समकक्ष होगा भारतीय शिक्षा बोर्ड, प्रवेश इसी सत्र से, छग में 50 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पतंजलि के भारतीय शिक्षा बोर्ड को माध्यमिक शिक्षा मंडल की समकक्षता प्रदान कर दी गई है। अर्थात अब माध्यमिक शिक्षा मंडल और भारतीय शिक्षा बोर्ड एक-दूसरे के समकक्ष होंगे। छात्र एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में जा सकेंगे। इस आदेश के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त विद्यालय भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ाई करके आने वाले छात्रों को अपने यहां प्रवेश दे सकेंगे। उदाहरणस्वरूप, यदि किसी छात्र ने दसवीं तक पढ़ाई भारतीय शिक्षा बोर्ड से की है और 11वीं-12वीं की पढ़ाई माशिम से करना चाहता है तो स्कूलों को उन्हें प्रवेश देना होगा क्योंकि माशिम ने उक्त बार्ड को समकक्षता प्रदान कर दी है।

खास खबर

भारतीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के 10 विद्यालयों को इस बोर्ड की मान्यता प्राप्त हो चुकी है, जबकि 40 विद्यालयों को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया चल रही है। ▶▶|शेष पेज 5 पर


*माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी किया आदेश, एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में जा सकेंगे छात्र*

### देश में 394 माध्यमिक व 170 हाईस्कूल-हायरसेकंडरी स्कूल

*भारतीय शिक्षा बोर्ड के अनुसार, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में 394 माध्यमिक शालाएं तथा 170 उच्चतर व उच्चतम विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्रदान कर दी गई है। इनमें से कुछ विद्यालय ऐसे हैं, जो पहले सीबीएसई अथवा राज्य बोर्ड के अधीन थे, लेकिन अब भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त कर ली है। जबकि कुछ स्कूल ऐसे हैं, जो नए हैं। जिन विद्यालयों को मान्यता प्रदान कर दी गई है, वहां प्रवेश प्रारंभ है, जबकि अन्य विद्यालयों में भी शीघ्र ही दाखिले शुरू होंगे।*

### राजधानी में भी खुलेगा कार्यालय

जिस तरह से सीबीएसई का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है, उसी तरह से भारतीय शिक्षा बोर्ड का मुख्य कार्यालय हरिद्वार में है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के छग प्रभारी छबि राम साहू के अनुसार, राजधानी रायपुर में भी इसका क्षेत्रीय कार्यालय शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। रायपुर के अलावा अन्य संभाग में भी कार्यालय खोले जाने का विचार किया जा रहा है।



| 8 विकेट से पंजाब को रौंदा | 56 रन से साल्ट का तूफान | 3 जून को फाइनल मुकाबला | 3 विकेट से सुयश मैच के हीरो |
|---|---|---|---|

### 9 साल बाद आईपीएल फाइनल में पहुंचा बेंगलुरु

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालीफायर-1 के नीरस मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। बेंगलुरु ने नौ साल और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है। आरसीबी ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पंजाब की टीम को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में आरसीबी ने 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### राज्य सूचना आयुक्त की चयन प्रक्रिया पर रोक

**बिलासपुर।** राज्य सूचना आयुक्त की चयन प्रक्रिया मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट आगामी आदेश तक इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। चयन प्रक्रिया को लेकर सरकार की तरफ से 25 वर्ष के कार्य अनुभव की शर्तें लागू की गई थी, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस संजय जायसवाल सिंगल बेंच ने चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। राज्य सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए चयन प्रक्रिया के दौरान बीच में ही 9 को 25 वर्ष के कार्य अनुभव की शर्त लागू की गई थी।

## बारिश के दौरान आपदा

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, 8 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पाहंदा में गुरूवार दोपहर हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि आठ बच्चे घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया, जहां उनका ▶▶|शेष पेज 5 पर



### ये हुए घायल

धनी कुमार पिता माधव (21), विकास बंजारे पिता मोहनलाल बंजारे (15), सौरभ बंजारे पिता मोहनलाल बंजारे (10), छविंद्र कुमार बंजारे पिता सुहनलाल बंजारे (15), विजय कुमार निषाद पिता संतोष निषाद (17), रुद्र कुमार मांडले पिता पुरुषोत्तम मांडले (12), मयंक मांडले पिता पुरुषोत्तम मांडले (6), नवीन कोसले पिता सीताराम कोसले (25)।

## भारतीय रिजर्व बैंक की नई तैयारी

# अब लकड़ी के बोर्ड बनाने में काम आएंगे कटे-फटे नोट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय रिजर्व बैंक कागजी नोट के निपटान को और अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कदम उठा रहा है। इसके तहत आरबीआई लकड़ी के बोर्ड (पार्टिकल बोर्ड) बनाने में कटे-फटे बैंक नोट का इस्तेमाल करेगा। आरबीआई ने इस प्रकार का बोर्ड बनाने वालों को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरबीआई ने 2024-25 की अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि भारत में सालाना उत्पादित बैंक नोट के टुकड़ों या उससे बने ब्रिकेट (टुकड़ों को मिलाकर बनाया गया ब्लॉक) का कुल वजन 15,000 टन रहा है। केंद्रीय बैंक इसके निपटान के लिए हरित विकल्पों की तलाश में है। परंपरागत रूप से, अधिकांश केंद्रीय बैंक और मुद्रा प्रबंधन से जुड़े अन्य प्राधिकरण कटे हुए बैंक नोट का निपटान जमीन भरने या ईंधन के रूप में उसे जलाने में करते हैं, जो पर्यावरण के लिए अनुकूल नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई ने कुछ वैकल्पिक समाधान की तलाश के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले स्वायत्त निकाय, काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान से एक अध्ययन कराया।*

### हरित विकल्पों की तलाश



### बनाया जा रहा पैनल

रिपोर्ट में कहा गया, अध्ययन से पता चला है कि फटे-पुराने नोट से बने ब्लॉक लकड़ी के बोर्ड की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। केंद्रीय बैंक पार्टिकल बोर्ड विनिर्माताओं को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। ये विनिर्माता अपने बोर्ड में लकड़ी के कणों की जगह अंतिम उपयोग के लिए ब्रिकेट खरीदेंगे।

### मुद्रा प्रबंधन विभाग की पहल

मुद्रा प्रबंधन विभाग बैंक नोट के टुकड़ों/ब्रिकेट्स के निपटान के लिए अधिक पर्यावरण-अनुकूल तरीके खोजने की दिशा में अपनी पहल को 'सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकनोट में लगने वाले सुरक्षा धागे और फाइबर, सुरक्षा स्याही तथा छपाई में उपयोग किए जाने वाले अन्य रसायन पर्यावरण पर प्रभाव डालते हैं। इसीलिए इसके निपटान को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाए जाने की जरूरत है।

### कैसे बदला जाता है पुराना फटा नोट

*यदि आपके पास कोई पुराना फटा नोट है तो आप उसे सरकारी बैंक के किसी भी शाखा, निजी बैंकों की करेंसी चेस्ट वाली शाखाएं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इशू ऑफिस में जाकर आसानी से बदलवा सकते हैं। कोई भी बैंक ऐसे नोटों को बदलने से मना नहीं करेगा। लेकिन आपको ध्यान रखना है की नोट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त या जला ना हो।पूरी तरह से जला हुआ नोट आरबीआई के ऑफिस में ही बदल जाता है। इसके लिए विशेष प्रक्रिया का पालन करना होता है।*

# धरती उगल रही सोने के सिक्के, 500 साल पुराने मुगल काल से जुड़ा है राज



**बुरहानपुर**। मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पर धरती सोना उगलती है, तो कभी प्राचीन सिक्के मिलते हैं, तो कहीं पर मुगलकालीन वस्तुएं भी मिलती हैं। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के बोरबन तालाब की खुदाई के दौरान वर्ष 2019-20 में 260 सिक्के निकले थे, जिसको पुलिस ने अपने पास संभाल कर रखा था, लेकिन अब इन सिक्कों को पुलिस ने कोषालय विभाग में जमा करा दिए हैं। गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पहले असीरगढ़ के पास एक खेत से भी सोने के सिक्के निकलने की बात सामने आई थी, लेकिन प्रशासन ने इसको अफवाह बताया था ।उस जगह जब लोगों की भीड़ आना शुरू हुई, तो प्रशासन ने यहां पर लोगों के आने-जाने और खुदाई पर प्रतिबंध लगा दिया था और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी हो रही थी। इतिहासकार इन सिक्कों को करीब 500 साल पुराने बताते हैं। उनका कहना है कि यहां पर सोने और चांदी के सिक्कों की टकसाल थी। कई सिक्के छपा करते थे और कहीं महाराज अपने सिक्के चलवाते थे। इसलिए आज भी कुछ लोगों को यहां पर इस तरह के सिक्के मिलते हैं।



### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर हर्ष सिंह ने बताया कि यह सिक्के वर्ष 2019-20 में तालाब की खुदाई के दौरान मिले थे। यह मुगलकालीन सिक्के हैं। इन सिक्कों को खकनार थाना पुलिस ने कोषालय विभाग में जमा करवा दिए हैं। यह 260 सिक्के हैं। उनकी गिनती कर उनको कोषालय में जमा किया गया है, जो पुराने जमाने के दिख रहे हैं। यह धातु के सिक्के हैं।



### बुरहानपुर है एक प्राचीन शहर

इतिहासकार कमरुद्दीन फलक ने बताया कि बुरहानपुर एक प्राचीन शहर है। यहां पर जब भी खुदाई होती है। इस तरह के धातु के कई सिक्के मिलते हैं और जिनको जिला प्रशासन भी जमा कर कोषालय विभाग में जमा करता है। अभी हाल-फिलहाल में भी असीरगढ़ किले के पास खुदाई में सोने के सिक्के निकलने की अफवाह फैली थी। जिसको लेकर प्रशासन भी अलर्ट हो गया था। प्रशासन ने वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिए थे और लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर प्रतिबंध भी लगा दिया था। वहीं, छावां फिल्म में भी बुरहानपुर को सोने की टकसाल बताया गया है।

## रोचक खबरें



### अमेरिका की सड़क पर निकली हिंदुस्तानी दूल्हे की बारात, जाम हो गया पूरा वॉल स्ट्रीट

**न्यूयार्क**। सोशल मीडिया पर शादी के कई वीडियो देखने को मिलते हैं। अब अमेरिका में देसी अंदाज में ढोल-नगाड़े के साथ निकली बारात का वीडियो वायरल हो रहा है। इस बारात की वजह से पूरे वॉल स्ट्रीट पर जाम लग गया था। इस शानदार शादी की झलक दिखाने वाला वीडियो वायरल हो गया है। इस पर लोग अपने-अपने अंदाज में प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बारात में लोग पारंपरिक परिधान पहने हुए हैं। बारात में सैकड़ों लोग शामिल हैं और डीजे की धुन पर वॉल स्ट्रीट पर नाचते-गाते नजर आ रहे हैं। सभी लोग मस्ती में डूबे हुए हैं। इसमें आप देख सकते हैं कि पूरी वॉल स्ट्रीट बारातियों की भीड़ से बंद हो गई है। वीडियो पर कैप्शन लिखा है- हमने 400 लोगों की बारात के साथ वॉल स्ट्रीट को ही बंद कर दिया। क्या किसी ने सोचा होगा? निश्चित रूप से ऐसा जादू जीवन में एक बार होता है। इस वीडियो में न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित सड़क पर शादी के जश्न में शामिल लोग दिल खोलकर नाच रहे हैं। भारतीय परिधान पहने कई लोग डीजे की धुन पर थिरकते और मस्ती करते दिख रहे हैं। लोगों ने इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है- कभी नहीं सोचा था कि मैं एम्पायर स्टेट ऑफ माइंड का ढोल वर्जन सुनूंगा, यह अद्भुत है।

### साढ़े 5 लाख की सीटीसी वाले को सीधे 45 लाख के पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली**। दिल्ली के युवा सॉफ्टवेयर डेवलपर देवेश के एक ट्वीट ने सोशल मीडिया पर भूचाल ला दिया है। युवक का दावा है कि उसने एक साल के भीतर 5.5 लाख से सीधा 45 लाख सीटीसी की छलांग लगाई है। उसकी इस पोस्ट ने इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी है। कई लोगों ने युवक की उपलब्धि की तारीफ की, तो कई नेटिजन्स को यकीन ही नहीं हो रहा कि यह तरक्की है या कोई सपना? हालांकि, देवेश ने लोगों की इस जिज्ञासा को शांत करते हुए बताया कि आखिर यह चमत्कार हुआ कैसे? देवेश ने 27 मई की सुबह एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, मेरे जैसे एक मिडिल क्लास फैमिली से आने वाले के लिए यह एक सपने जैसा है। युवक ने बताया कि उसने पिछले साल आईबीएम से सिर्फ 5.5 लाख के पैकेज के साथ अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, और एक साल के भीतर ही 45 लाख पैकेज का ऑफर हाथ में है। उन्होंने कॅरियर की शुरुआत करने वाले युवाओं को सलाह दी कि वे सैलरी से ज्यादा स्किल डेवलप करने पर फोकस करें। देवेश ने पैसों से ज्यादा सीखने को प्राथमिकता देते हुए कहा कि अगर अच्छा पैकेज न भी मिले तो कम सैलरी पर ही शुरुआत करें, और फिर मेहनत और स्किल के दम पर बड़ा जंप लें। हालांकि, देवेश की यह बता कई नेटिजन्स के गले नहीं उतरी, और उन्होंने कहा कि शुरुआती कॅरियर में इतना बड़ा जंप मुमकिन ही नहीं है।



### इसे बच्चा समझने की भूल मत करना ढाई साल की उम्र में किया ये कारनामा

**वॉशिंगटन**। यूं तो बच्चों को पहला शब्द सीखने में काफी समय लग जाता है, लेकिन कुछ बच्चे बहुत जल्द बोलना भी शुरू कर देते हैं। यूनाइटेड किंगडम के जोसेफ हैरिस बिर्टिल ऐसे ही बच्चों में से एक हैं, जिन्होंने महज सात महीने की उम्र में ही अपना पहला शब्द बोला था। लेकिन ,तब जोसेफ के माता-पिता को जरा भी अंदाजा नहीं था कि उनका बेटा आगे चलकर दुनिया भर में उनका नाम रोशन करेगा। महज 2 साल की उम्र का यह बच्चा मेन्सा का सबसे छोटा मेंबर बन गया है। बता दें कि मेन्सा दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी हाई आई क्यू वाले लोगों की एक प्रतिष्ठित सोसायटी है। इसका मेंबर बनने के लिए आपका आईक्यू लेवल कम से कम 132 होना चाहिए. बीते शुक्रवार को मेन्सा ने अपने सबसे युवा मेंबर जोसेफ का वेलकम किया, जिनकी उम्र अभी सिर्फ 2 साल और 186 दिन है। हालांकि, जोसेफ के आईक्यू का अभी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कहा जाता है कि उसकी एक्टिविटीज और शार्प माइंड का कोई जवाब नहीं है। जोसेफ की मां डॉ. रोज और पिता डेविड हैरिस बिर्टिल का कहना है कि उन्हें कुछ ही महीनों में समझ आ गया था कि उनका बच्चा सबसे अलग है। उन्होंने बताया कि जब वे सिर्फ 5 हफ्ते का था, तब पहली बार खुद से करवट बदली थी। वहीं, सात महीने में पहला शब्द बोला था। यही नहीं, महज एक साल की उम्र में एक पूरी किताब पढ़ ली। ढाई साल की उम्र में वह बोल-बोलकर पढ़ने लगा था। इसके अलावा 5 अलग-अलग भाषाओं में 10 तक की गिनती, और 100 तक की गिनती भी आती है।



# 38,00000 साल पहले जुपिटर का आकार इतना बड़ा था कि समा जाए 2000 पृथ्वी

वॉशिंगटन। बृहस्पति (जुपिटर) पहले बहुत बड़ा था। उसका चुंबकीय क्षेत्र बहुत ज्यादा मजबूत था, यह आज के आकार से दोगुना बड़ा था और इसका चुंबकीय क्षेत्र भी 50 गुना ज्यादा ताकतवर था। यह बात एक नए रिसर्च में कही गई है। 20 मई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित इस स्टडी में बताया गया है कि सौरमंडल में पहले ठोस पिंड बनने के 38 लाख साल बाद बृहस्पति का आकार इतना बड़ा था कि इसमें 2000 से ज्यादा पृथ्वी समा सकती थीं।



### बृहस्पति और पूरा सौरमंडल कैसे बना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर कोंस्टेंटिन बैटगिन जिन्होंने नए रिसर्च का नेतृत्व किया उन्होने स्पेस डॉट कॉम को बताया, 'हमारे नतीजे भविष्य के मॉडल्स के लिए सटीक शर्तें तय करते हैं, जो यह समझने में मदद करेंगे कि बृहस्पति और पूरा सौरमंडल कैसे बना।'

### सौरमंडल का अंतिम रूप

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह स्टडी बृहस्पति को उस समय की स्थिति में दिखाती है, जब सूरज बनने के बाद बची गैस और धूल का बादल खत्म हो रहा था। यही वह दौर था, जब ग्रहों का निर्माण रुक गया और सौरमंडल का बुनियादी ढांचा तय हो गया। बटिगिन ने कहा, 'हमने एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क स्थापित किया है, जिससे सौरमंडल के विकास को और बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।'

### बृहस्पति का विकास और सौरमंडल पर असर

*स्टडी के मुताबिक, शुरुआती बृहस्पति का आकार आज से दोगुना था। यह एक गर्म, चुंबकीय ताकतवर ग्रह था, जो समय के साथ ठंडा हुआ और सिकुड़कर आज के आकार में आ गया। हालांकि, यह स्टडी सीधे तौर पर यह नहीं बताती कि इतने बड़े बृहस्पति ने सौरमंडल को कैसे प्रभावित किया, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी बनावट और शुरुआती विकास ने सौरमंडल की संरचना को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।*




### वैज्ञानिकों ने क्या कहा?

शोधकर्ताओं ने बृहस्पति के दो कम चर्चित चंद्रमाओं अमाल्थिया और थीबे का अध्ययन किया। ये चंद्रमा बृहस्पति के बहुत करीब चक्कर लगाते हैं और इनके थोड़े झुके हुए रास्तों ने वैज्ञानिकों को बृहस्पति के सबसे नजदीकी बड़े चंद्रमा, आइओ, की पुरानी स्थिति का पता लगाने में मदद की। इससे बृहस्पति के प्राचीन सर्कमप्लैनेटरी डिस्क (गैस और धूल का घेरा) की सीमा का अंदाजा हुआ, जिससे यह समझा गया कि बृहस्पति पहले कितनी तेजी से घूमता था। कोणीय संवेग संरक्षण के सिद्धांत का उपयोग कर वैज्ञानिकों ने बृहस्पति के मूल आकार का अनुमान लगाया। बटिगिन ने कहा, 'यह आश्चर्यजनक था कि दो छोटे चंद्रमाओं ने बृहस्पति की शुरुआती स्थिति का इतना साफ सबूत दिया। सबसे रोमांचक बात यह थी कि यह नतीजा जटिल मॉडल्स पर निर्भर किए बिना मिला।'

# हरियाणा के इस गांव में बीता था रावण का बचपन! जानिए क्या है महाभारत से इसका संबंध

**नई दिल्ली**। भारतीय इतिहास में महाभारत का युद्ध सबसे बड़ा युद्ध माना जाता है। यह लड़ाई कौरव और पांडवों के बीच लड़ी गई थी। मान्यता है कि महाभारत का युद्ध हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुआ था, जिसके कारण वहां की भूमि आज भी लाल है। महाभारत काल के निशान आज भी कई जगहों पर देखने को मिलते हैं। हरियाणा के एक गांव में भी महाभारत के निशान मिले हैं। इस गांव का नाम पोलड़ है। इस गांव की जमीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की है। एएसआई ने अब लोगों को गांव को खाली करने के लिए नोटिस दिया है। उसका कहना है कि गांव की 48 एकड़ जमीन संरक्षित है, क्योंकि महाभारत काल में यहां पर एक गांव था। आखिर पोलड़ गांव का महाभारत काल से क्या संबंध है?



### महाभारत युद्ध के दौरान नष्ट हो गया था गांव

एएसआई के मुताबिक, यह गांव कैथल से 10 किलोमीटर दूर स्थित है और सरस्वती नदी के दक्षिण में है। इसके बारे में कहा जाता है कि यहां एक गांव था, जो महाभारत युद्ध के दौरान नष्ट हो गया था। यहां पर एएसआई की खुदाई में सिक्के, भार तौलने वाले पत्थर, मिट्टी तांबे के बर्तन जैसी 465 चीजें मिली थीं। इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 28 दिसंबर, 1925 को इसे संरक्षित घोषित कर दिया गया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा यहां पर खुदाई करने पर कई और चीजें मिलने की उम्मीद है।

### युधिष्ठिर ने की थी इस शहर की स्थापना

कैथल हरियाणा का एक महाभारत कालीन ऐतिहासिक शहर है। इसकी सीमा करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद और पंजाब के पटियाला जिले से मिलती है। पुराणों के अनुसार, युधिष्ठिर ने इस शहर की स्थापना की थी। इसे वानर राज हनुमान का जन्म स्थान भी माना जाता है। इसीलिए पहले इसे कपिस्थल के नाम से जाना जाता था।

### रावण के दादा पुलस्त्यमुनि की तपोस्थली रहा है गांव

धार्मिक दृष्टि से भी गांव पोलड़ बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक, यह जगह रावण के दादा पुलस्त्यमुनि की तपोस्थली रही है। मान्यता है कि पुलस्त्यमुनि ने यहां पर सरस्वती नदी के किनारे स्थित इक्षुपति तीर्थ पर तपस्या की थी। ग्रामीणों का मानना है कि रावण बचपन में इसी स्थान पर रहा था।



### प्राकृतिक आपदा में उजड़ गया था प्राचीन नगर

गांव में स्थापित सरस्वती मंदिर और सैकड़ों वर्ष पुराना शिवलिंग इसके ऐतिहासिकता महत्व को दशार्ते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इतिहासकार प्रो. बीबी भारद्वाज ने बताया कि यह स्थान एक प्राचीन नगर था, जो प्राकृतिक आपदा की वजह से उजड़ गया। बाद में इसे एक बार फिर बसाया गया और इसका नाम 'थेह पोलड़'पड़ा। 'थेह'का अर्थ होता है वह स्थान जहां कभी कोई बस्ती रही हो।

## वो कैदी, जो 46 सालों से है जेल में, फिलहाल 'कांच के बॉक्स' में बंद मर रहा धीरे-धीरे!



**लंदन**। कभी सोचकर देखा है कि कोई 46 साल तक एक छोटे से कमरे में कैसे जिंदगी गुजार सकता है? वो भी अकेले, बिना किसी से बात किए, धूप भी नसीब नहीं होती, क्या ये संभव है? यकीनन, ऐसे हालात में किसी भी इंसान की मानसिक स्थिति खराब हो सकती है। लेकिन ,ब्रिटेन के रहने वाले 72 साल के रॉबर्ट मॉड्सली के साथ ऐसा ही हो रहा है। रॉबर्ट ब्रिटेन के सबसे लंबे समय तक जेल में बंद कैदी में शुमार हैं, जो ऐसी ही जिंदगी जी रहे हैं। कुछ समय पहले उन्हें कांच के बॉक्स में बंद कर दिया गया। चार हत्याओं के लिए कुख्यात, उन्हें 'हैनिबल द कैनिबल' कहा जाता है, लेकिन उनकी प्रेमिका लवीनिया ग्रेस मैकेनी की नजरों में वे एक टूटा हुआ इंसान हैं, जिन्हें जेल का नया नियम धीरे-धीरे मार रहा है। भूख हड़ताल, कोविड की मार और 17,000 दिन के अकेलेपन से रॉबर्ट अब पूरी तरह टूट चुके हैं। आखिर कैसे एक मासूम बच्चा 21 साल का होते-होते हत्यारा बन गया? बता दें कि रॉबर्ट मॉड्सली की जिंदगी किसी डरावने सपने जैसी है। वो लिवरपूल में 12 भाई-बहनों के बीच पले बढ़े। उनका बचपन पिटाई और उपेक्षा से भरा था। पिता ने उन्हें छह महीने कमरे में बंद रखा, वो भी रोज मारते हुए। ऐसे में एक दिन सामाजिक संगठनों ने उन्हें अनाथालय भेजा, लेकिन पिता से मिला दर्द उनके दिल में बस गया। 1974 में 21 साल की उम्र में रॉबर्ट ने जॉन फैरेल की हत्या की, जिसके लिए उन्हें ब्रॉडमूर सिक्योर हॉस्पिटल भेजा गया। लेकिन, हॉस्पिटल में भी उन्होंने एक मरीज को मार डाला। फिर, 1978 में वेकफील्ड जेल में, दो कैदियों की हत्या कर दी, जिन्हें वे गलत मानते थे। गार्ड को उन्होंने कहा, 'गिनती में दो कम होंगे।' इन अपराधों ने उन्हें जेल की सबसे गहरी अंधेरी कोठरी में धकेल दिया। इसके बाद उन्हें 1983 से मॉन्स्टर मेंशन'कहे जाने वाले मॉड्सली वेकफील्ड जेल के एक 18×15 फीट के शीशे के सेल में कैद कर दिया गया।

# दुनिया का सबसे छोटा सांप, देखकर नहीं होता आंखों पर भरोसा!

**वॉशिंगटन**। सांपों की बात आते ही लंबे, डरावने जीव की तस्वीर बनती है, लेकिन आज हम आपको दुनिया के सबसे छोटे सांप बारबाडोस थ्रेडस्नेक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सांपों के साइज को लेकर आपका नजरिया बदल देगा। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि सिर्फ 10 सेंटीमीटर लंबा यह पिद्दी-सा सांप दुनिया में सबसे छोटा है, जो सिक्के पर आराम फरमा सकता है। इसे देखकर यकीन करना मुश्किल होता है। बारबाडोस के जंगलों में पाया जाने वाला यह सांप प्रकृति का अनोखा चमत्कार है, लेकिन इसका अस्तित्व खतरे में है। 2008 में जीवविज्ञानी एस ब्लेयर हेजेस ने कैरिबियाई द्वीप बारबाडोस के जंगल में टेट्राकीलोस्टोमा कार्ले यानी बारबाडोस थ्रेडस्नेक की खोज की। सिर्फ 10.4 सेंटीमीटर तक बढ़ने वाला यह सांप स्पेगेटी जितना पतला और पेंसिल से छोटा है।



### आखिर क्या खाता है ये सांप?

यह सांप चींटियों और दीमकों के लार्वा और अंडों को खाता है, जो इसके छोटे आकार के लिए सही भोजन है। यह रात में या ठंडे समय में सक्रिय रहता है और इंसानों के लिए पूरी तरह हानिरहित है। सबसे हैरानी की बात ये है कि अंडा देने वाले इस सांप की मादा एक बार में सिर्फ एक ही अंडे देती है। अंडे से बाहर निकलते समय नवजात सांप अपनी मां के आधे आकार का होता है, जो जानवरों में दुर्लभ है। लेकिन, बारबाडोस के जंगलों में तेजी से हो रहे निर्माण की वजह से इस सांप का अस्तित्व खतरे में है। इसके संरक्षण के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। आईयूसीएन मूल्यांकन, जंगलों की सुरक्षा और पर्यावरण जागरुकता इसके बचाव के लिए जरूरी हैं। बारबाडोस थ्रेडस्नेक की खोज हमें प्रकृति की विविधता और छोटे जीवों की अहमियत सिखाती है। यह सांप दिखाता है कि सबसे छोटा जीव भी पारिस्थितिकी में बड़ा रोल निभा सकता है, जैसे चींटियों और दीमकों की संख्या को नियंत्रित करना।

### सिर्फ बारबाडोस के पूर्वी जंगलों में पाए जाते हैं

*इसका वैज्ञानिक नाम ग्रीक शब्दों टेट्रा (चार), कीलो (होंठ) और स्टोमा (मुंह) से आया है, जो इसके जबड़े की खास बनावट को दर्शाता है। थ्रेडस्नेक इसका पतला, धागे जैसा शरीर दर्शाता है। बता दें कि यह सांप लेप्टोटाइफ्लोपिडे परिवार का है, जिसे स्लेंडर ब्लाइंड स्नेक कहते हैं। ये गैर-विषैले, जमीन के नीचे रहने वाले सांप हैं, जो सिर्फ बारबाडोस के पूर्वी जंगलों में पाए जाते हैं। इसका शरीर चमकदार भूरा या लाल-भूरा, बेलनाकार और सिर से पूंछ तक एक समान पतला होता है। इसकी आंखें इतनी छोटी हैं कि दिखती नहीं, क्योंकि ये विकास के दौरान छोटी हो गईं। इसका सिर शरीर से मुश्किल से अलग दिखता है और पूंछ नुकीली होती है। बारबाडोस थ्रेडस्नेक का घर उष्णकटिबंधीय जंगल हैं, जहां ढीली, नम मिट्टी, पत्तियां, सड़ी लकड़ियां और चट्टानों के नीचे रहता है। यह बारबाडोस के छोटे-छोटे जंगली हिस्सों में ही मिलता है, जिससे इसका भौगोलिक दायरा दुनिया के सबसे छोटे में से एक है।*

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी | वर्ष: 23, अंक: 312 | पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

दुर्ग जिला





### इसलिए जर्जर स्कूलों की स्थिति नहीं सुधर रही

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दुर्ग जिले सहित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्कूलों के जर्जर कमरों का मरम्मत करने के लिए फंड जारी किया। पहली किस्त में जिलों में पैसा आया लेकिन दूसरी किस्त आई ही नहीं। सरकार बदलने के बाद यह योजना ही ठंडे बस्ते में चली गई है। इसलिए जिला शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा ने कमरों का संधारण कार्य आगे नहीं बढ़ाया।

**स्कूल जतन योजना बंद**


*दुर्ग जिले में ही स्कूल शिक्षा विभाग के 710 और समग्र शिक्षा के अंतर्गत 70 स्कूलों का संधारण होना था*

# राज्य के 20 हजार स्कूलों की मरम्मत पर ग्रहण

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने वाला है। 17 जून से सरकारी स्कूल खुल जाएंगे, लेकिन पूरे प्रदेशभर में नए शिक्षण सत्र पर बच्चों को जर्जर भवनों में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ेगी। शाला प्रवेश का उत्सव खस्ताहाल स्कूलों में होगा। यह ▶▶|शेष पेज 5 पर

## जर्जर स्कूलों में होगा नौनिहालों का स्वागत




**प्रदेश के खंडहर स्कूल नहीं टूटे**

प्रदेश के सैकड़ों खंडहर स्कूलों का डिसमेंटल नहीं किया जा सका है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे स्कूल भवनों की सूची लोक निर्माण विभाग को सौंपा जा चुकी है लेकिन लोक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इन उदाहरणों से समझिए जर्जर स्कूलों की स्थिति

खास खबर

**केस 01** शासकीय प्राथमिक शाला पुरई की दर्ज संख्या 89 है। यहां दो कमरे का छत बेहद जर्जर हाल में हैं। संधारण नहीं होने से इस बारिश में बच्चों का इन कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो जाएगा। बारिश में जगह-जगह पानी टपकता है। ज्यादा बारिश होने पर बच्चों की छुट्टी करने की नौबत आ जाती है।

**केस 02** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी की दर्ज संख्या 185 है। इसी स्कूल परिसर में हाई स्कूल व प्राइमरी स्कूल भी चलते हैं। इस तरह यहां करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं। इस स्कूल का निर्माण 100 साल पहले हुआ था। तीन साल पहले अचानक बरामदे का स्ट्रकचर गिर गया। उसके बाद से यहां से गुजरना न स्टॉफ के लिए और न ही बच्चों के लिए खतरे से खाली है।

**केस 03** प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन मरोदा में 210 बच्चे अध्ययनरत हैं। यहां की तीन कमरे की हालत जर्जर हो गई है। छतों से कभी भी प्लास्टर गिर जाता है। इस हाल में पिछले साल भी बच्चों ने पढ़ाई की थी। इस साल भी संधारण नहीं किए जाने की वजह से दिक्कतें उठानी पड़ेंगी। कमरों में दरारें आ गई हैं। पानी सीपेज की समस्या है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### आकाश अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन



**वाराणसी।** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र आकाश अंबानी बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने यहां पहुंचे। बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद आकाश अंबानी दशाश्वमेध घाट पहुंचे, जहां गंगा सेवा निधि के अर्चकों ने वैदिक रीति से मां गंगा का पूजन कराया।

### जादू टोना के शक में तांत्रिक का किया सिर धड़ से अलग



**भवानीपटना।** ओडिशा के कालाहांडी जिले में जादू-टोना करने के शक में 65 वर्षीय एक व्यक्ति का कथित तौर पर सिर धड़ से अलग कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि बिना सिर की लाश देयपुर गांव के एक तलाब से बरामद की गई है। मृतक की पहचान देयपुर गांव निवासी रूपसिंह माझी के रूप में हुई है।

### मुठभेड़ में मारा गया बिश्नोई गिरोह का 'शार्प शूटर'




**हापुड़/लखनऊ।** यूपी के विशेष कार्यबल और दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा की साझा टीम ने हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक 'शार्प शूटर' को मुठभेड़ में मार गिराया। बदमाश की पहचान बिश्नोई गिरोह के सदस्य और हत्या एवं मकोका जैसे मामलों में फरार नवीन कुमार के रूप में हुई।

### पुलिस की एसयूवी ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत



**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पुलिस विभाग की तेएसयूवी ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के मारा गांव के पास सुबह छह बजे हुई। एमपी-03 ए 8643 नंबर की एक एसयूवी ने एक बाइक को टक्कर मार दी।

### वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार



**नोएडा।** यूपी के नोएडा में पुलिस ने वाहन चोरी कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से 21 दोपहिया वाहन जब्त किए। कार्रवाई करते हुए पांच बदमाशों मोहित सिंह (19), ओमवीर कुमार (19), आकाश सिंह (21), रोहित कुमार (28) और आनंद कुमार (23) को गिरफ्तार किया।

पश्चिम बंगाल और बिहार में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

# पीएम मोदी बोले-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ, पाक को उसके घर में घुसकर तीन बार मारा

एजेंसी ▶▶| अलीपुरद्वार/पटना

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पश्चिम बंगाल में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सिंदूर के साथ क्षेत्र के गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंध का जिक्र किया और दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, मैं सिंदूर खेला की पवित्र भूमि पर खड़ा हूं, तो यह उचित है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एक नए संकल्प 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात करें। उन्होंने कहा, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। पश्चिम बंगाल में जो दर्द और गुस्सा है, उसे गहराई से समझा जा सकता है। मैं आपके आक्रोश को महसूस कर सकता हूं।

उन्होंने कहा, आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने की हिम्मत की। हमारी सेना ने उन्हें सिंदूर की शक्ति का एहसास कराया। मोदी ने कहा, ''बंगाल की इस धरती से मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से घोषणा करता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस ऑपरेशन में सीमा पार पाकिस्तान में आतंकी ढांचे पर सटीक हमले किए गए थे। भारत की, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ▶▶|शेष पेज 5 पर



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से एक बार फिर से पाकिस्तान को चेतावनी दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान से स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद के प्रायोजकों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान को पहले ही 'उसके घर में घुसकर तीन बार' मारा जा चुका है।*

**पाक पर तीन करारा वार**

- उरी आतंकी हमले के बाद 2016 में भारत की सर्जिकल स्ट्राइक
- पुलवामा हमले के बाद 2019 में बालाकोट हवाई हमले
- हाल में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सीमा पार किए गए हमले



**पटना में एक रोड शो पीएम पर पुष्पवर्षा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में एक रोड शो किया। मोदी की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग सड़क के दोनों ओर तथा छतों पर जमा थे। रोड शो के दौरान वाहन में सवार प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन किया। रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ। और बीरचंद पटेल मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में समाप्त हुआ। लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारों के बीच प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा की। मोदी दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल से यहां पहुंचे हैं।

**आतंकी हमला हुआ तो पाक को चुकानी होगी बड़ी कीमत**

प्रधानमंत्री ने इस दौरान पिछले युद्धों का जिक्र भी किया और कहा, जब सीधा युद्ध लड़ा जाता है, तब उसकी हार तय होती है, उसकी पराजय निश्चित होती है। अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है।

**ममता बोली**

### ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण कर रहे पीएम मोदी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ममता ने कहा, केंद्र ने विभिन्न राज्यों में आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस सैन्य अभियान का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा। पीएम मोदी ने दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया। बनर्जी ने कहा, मैं इस बात से निराश हूं कि मोदी ने बंगाल की आलोचना ऐसे समय में की है जब केंद्र के आतंकवाद विरोधी रुख का समर्थन करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा कर रहे हैं।

साय सरकार की नई औद्योगिक नीति में प्रावधान

# रक्षा, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उद्योगों को मिलेगा विशेष पैकेज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत राज्य में निवेश के आधार पर रक्षा एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित नवीन उद्यमों की स्थापना तथा मौजूदा उद्यमों के विस्तार, शवलीकरण, प्रतिस्थापन, आधुनिकीकरण के प्रकरणों में निवेशक इकाइयों को उनके द्वारा परियोजना में स्थाई पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिया जाएगा। भारत सरकार या उनके द्वारा अधिकृत एजेंसियों द्वारा परिभाषित मान्य, एयरोस्पेस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्यम, उत्पाद इस पैकेज के पात्र होंगे। इसी क्रम में गांवों में मल्टीप्लेक्स बनाने के लिए भी कई तरह की छूट के ▶▶|शेष पेज 5 पर

**ये है छूट के प्रावधान**

वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 12 वर्ष तक भुगतान किए गए नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर, अधिकतम स्थाई पूंजी निवेश के 100% तक प्रतिपूर्ति की जाएगी, अथवा 50 करोड़ से अधिक 500 करोड़ से कम यंत्र संयंत्र में पूंजी निवेश पर 35% का अनुदान 6 वर्ष समान वार्षिक किस्तों में प्रदाय किया जाएगा। उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट दी जाएगी। स्टांप शुल्क में पूर्ण रूप से छूट प्रदान किया जाएगा। पंजीयन शुल्क में 50% की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। भू उपयोग परिवर्तन अधिकतम 50 एकड़ भूमि तक के लिए डायवर्सन शुल्क में 50% की छूट दी जाएगी। नवीन विद्युत कनेक्शन पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति किया जाएगा।

**मल्टीप्लेक्स बनेंगे गांवों में, सरकार देगी ये छूट**

औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुरूप ग्रामीण अंचलों में भी अब शुरू होगा मल्टीप्लेक्स का दौर, उद्योग विभाग देगा भारी भरकम छूट दी जाएगी। नगरीय क्षेत्र से भिन्न विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि जहां कोई मल्टीप्लेक्स नहीं है, निजी निवेशक द्वारा न्यूनतम 5 करोड़ की निवेश से, न्यूनतम 8000 वर्ग फीट कारपेट एरिया के मल्टीप्लेक्स संयुक्त मिनी हॉल की स्थापना पर लागत का 30 प्रतिशत, अधिकतम सीमा 30 करोड़ प्रदाय किया जाएगा। इसके अलावा इस टाइम शुल्क में पूर्ण छूट, भूमि के पंजीयन सूत्र में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति, डायवर्सन शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह निवेश प्रोत्साहन उसे क्षेत्र के प्रथम मल्टीप्लेक्स युक्त मिनी हॉल की स्थापना के लिए दिया जाएगा।

**भारत विरोधी रैली में हाफिज सईद का बेटा भी संग**

# पाक में दिखा पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने बाद हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्ला कसूरी सार्वजनिक रूप से नजर आया है। सैफुल्ला लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर है और उसे हाल ही पाकिस्तान में भारत विरोधी रैली में देखा गया है। इस दौरान सैफुल्ला के साथ हाफिज सईद का बेटा भी नजर आया, जिसे लश्कर का अगला उत्तराधिकारी माना जाता है। इस रैली में कई पाकिस्तानी नेता भी नजर आए हैं, जो खुलेआम आतंकियों के साथ मंच साझा कर रहे हैं।

**भारत ने आतंकियों को चेताया**

गौरतलब है कि बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों को बेरहमी से मार दिया था। इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट नाम के गुट ने ली थी, जो लश्कर का ही एक प्रॉक्सी है।

**आतंकी तल्हा सईद ने उगला जहर**

पाकिस्तान में आयोजित इस भारत विरोधी रैली में मोस्ट वांटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल तल्हा सईद ने जमकर जिहादी नारे लगाए हैं। बता दें कि तल्हा सईद पाकिस्तान में चुनाव भी लड़ चुका है। वह पीएमएमएल पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है, जिसने बीते कुछ हफ्तों से भारत विरोधी बयानबाजी तेज कर दी है। इसने बीते कुछ दिनों में पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में भारत विरोधी रैलियां की हैं और इस दौरान हाफिज सईद की रिहाई की मांग भी की गई है।

**हनीट्रैप में फंसकर बना पाकिस्तान का जासूस**



- एटीएस के शिकंजे में आरोपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में ठाणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुंबई स्थित एक अहम संगठन के लिए काम करता था और उसे एक पाकिस्तानी एजेंट ने 'हनीट्रैप' में फंसाया था। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी एजेंट ने महिला बनकर फेसबुक पर आरोपी के साथ दोस्ती की थी। अधिकारी ने हालांकि, आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है।

## राष्ट्रपति को राजनयिकों ने दिया परिचय...






- तुर्किये और बांग्लादेश सहित 6 देशों के राजनयिकों ने अपने परिचय पत्र सौंपे
- तुर्किये गणराज्य के राजदूत होंगे अली मूरत एर्सोय

**नई दिल्ली।** तुर्किये और बांग्लादेश सहित छह देशों के राजदूतों व उच्चायुक्तों ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में तुर्किये गणराज्य के राजदूत अली मूरत एर्सोय, बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम रियाज हमीदुल्लाह और कजाकिस्तान गणराज्य के राजदूत अजमत येस्कारेव शामिल हैं। थाईलैंड की राजदूत चवनार्ट थांगसुमफंत, कोस्टा रिका गणराज्य के राजदूत नेस्टर गेब्रियल बाल्टोडानो वर्गास और सेंट किट्स एवं नेविस के उच्चायुक्त गुरदीप बाथ ने भी राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए।

**फोन टेपिंग मामला**

# एसआईबी के पूर्व चीफ पर नहीं होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने फोन टैपिंग मामले में आरोपी तेलंगाना के विशेष आसूचना ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख टी. प्रभाकर राव को दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने राव को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया और कहा कि उनका पासपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराया जाए।

**पांच अगस्त को सुनवाई**

पीठ ने कहा, अगली सुनवाई की तारीख तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। अदालत ने जांच अधिकारी को पांच अगस्त को अगली सुनवाई की तारीख से पहले एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को इस अदालत के समक्ष एक सप्ताह के भीतर एक हलफनामा भी दाखिल करना होगा कि केवल भारत की यात्रा के लिए पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज प्राप्त होने की तारीख से तीन दिन के भीतर, वह भारत लौट आएगा और संबंधित जांच प्राधिकार/अधिकारी के समक्ष उपस्थित होगा।

आपात स्थिति से निपटने के तैयारी के लिए आज मॉक ड्रिल

# पाक की सीमा से सटे राज्यों में 'ऑपरेशन शील्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन शील्ड के तहत अब 31 मई को सीमावर्ती राज्यों जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल कराई जाएगी। पहले यह नागरिक सुरक्षा अभ्यास 29 मई को होना था, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। इन राज्यों में हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच तीन रातों तक चली जबरदस्त झड़पों के बाद यह मॉक ड्रिल की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत के नागरिक क्षेत्रों और



धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया था। बता दें, इससे पहले 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर से कुछ घंटे पहले भी देशभर में मॉक ड्रिल कराई गई थी। उसी रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ा ऑपरेशन किया था।

**सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारी**

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इस बार मॉक ड्रिल को और व्यवस्थित और व्यावहारिक तरीके से लागू किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दूसरी एक्सरसाइज का उद्देश्य दुश्मन के हमले की स्थिति में नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को और मजबूत करना है।

**इन राज्यों में तैयारी**

*ऐसे में अब मॉक ड्रिल जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के नागरिक क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान दुश्मन ने तुर्किए के ड्रोन्स और चीनी मिसाइलों से ज्यादातर इन्हीं राज्यों में हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था।*

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

# रानू-सौम्या समेत चार को अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व नौकरशाह रानू साहू और सौम्या चौरसिया सहित छत्तीसगढ़ कोयला शुल्क घोटाले के चार आरोपियों को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आरोपियों पर कई शर्तें लगाते हुए राज्य सरकार से गवाहों में भरोसा पैदा करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ताओं को अगले आदेश तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है, बशर्ते वे निचली अदालत की संतुष्टि के लिए जमानती बॉण्ड प्रस्तुत करें। इसने कहा कि आरोपी रानू साहू, ▶▶|शेष पेज 5 पर

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि ठीक, पर आर्थिक सुधार जरूरी

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नई उपलब्धियों से भारत का आर्थिक आकार और बड़ा हो गया है। केंद्रीय बैंक के आकार में 33 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 31 मार्च, 2024 तक 70.47 लाख करोड़ रुपये था। यह उपलब्धि विदेशी मुद्रा लेनदेन में हुई वृद्धि के चलते हासिल हुई है। अभी कुछ दिन पहले ही रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है। यह बड़ी धनराशि है, जो रिजर्व बैंक की मजबूती को दिखाता है। नीति आयोग के मुताबिक, क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पहले से ही 15,000 अरब डॉलर है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आधे से भी अधिक है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था 29,000 अरब डॉलर पर है। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग विभिन्न देशों के बीच मुद्राओं के सापेक्ष मूल्य की तुलना करने के लिए किया जाता है। बाजार विनिमय दर का उपयोग करने के बजाय, पीपीपी उन वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें प्रत्येक देश में मुद्रा की एक निश्चित राशि के साथ खरीदा जा सकता है। नीति आयोग ने अभी आंकड़े जारी कर कहा था कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसको लेकर कुछ आलोचना भी हुई, क्योंकि भारत के अधिकांश आर्थिक संकेतक या तो नीचे हैं या सुस्त हैं। इस पर ही नीति आयोग ने एक तरह से सफाई दी है कि बड़ी या छोटी अर्थव्यवस्था बाजार मूल्यों पर आंके जाते हैं, जबकि उत्पादकता को मापने का वास्तविक तरीका क्रय शक्ति समता (पीपीपी) है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नीति आयोग ने आंकड़ा दिया कि हम बाजार मूल्यों पर 4,000 अरब डॉलर के जीडीपी पर हैं, पर पीपीपी के संदर्भ में, हम 15,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आरबीआई ने अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में भरोसा दिया है कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। दीर्घकालीन भू-राजनीतिक तनाव और भू-आर्थिक विखंडन के बीच, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई। रिजर्व बैंक को महंगाई दर चार फीसदी के लक्ष्य के अनुरूप रहने की पूरी उम्मीद है, इससे कर्ज महंगे होने की संभावना क्षीण दिखाई दे रही है। महंगाई दर में गिरावट के बाद केंद्रीय बैंक ने लगातार दो समीक्षाओं में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि देश में डिजिटल मुद्रा का चलन बढ़ रहा है। मार्च 2025 के अंत तक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) या ई-रुपये का मूल्य बढ़कर 1,016 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 234 करोड़ रुपये था। अब सीबीडीसी के जरिये सीमापार भुगतान को प्रायोगिक आधार पर शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। यह रिजर्व बैंक का डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भविष्योन्मुखी प्लान है। अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि और डिजिटल करेंसी की दिशा में प्रगति से भारतीय अर्थव्यवस्था की मूल समस्याएं ज्यों की त्यों हैं। जीडीपी सुस्त है, निर्यात घट रहा है, व्यापार घाटा चिंताजनक स्तर पर है, विदेशी निवेश में उत्साह नहीं है, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर में गिरावट है। देश को तत्काल आर्थिक सुधार की जरूरत है।

## प्रेरणा

सोनम लववंशी



# देश को मिजोरम शिक्षा मॉडल की ज़रूरत!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की निःस्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए। क्लस्टर रिसोर्स सेंटर समन्वयकों ने अगस्त-सितंबर 2023 में घर-घर जाकर 15 वर्ष से अधिक आयु के 3,026 अशिक्षित लोगों की पहचान की। यह अभियान किसी नियम का पालन मात्र नहीं था, यह उस भावना का प्रकटीकरण था जो समाज को पूर्ण ज्ञान से जोड़ना चाहता है। इनमें से 1,692 लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने की इच्छा जताई। यह आंकड़े नहीं, बल्कि बदलती चेतना और सामाजिक परिवर्तन के प्रमाण हैं। यही वजह है कि मिजोरम की यह उपलब्धि महज केरल को पीछे छोड़ने की बात नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि शिक्षा जब जीवन के ताने-बाने में बसी हो, तो वह संख्याओं से आगे जाकर एक संस्कृति बन जाती है। जब देश की औसत साक्षरता दर अब भी 85 प्रतिशत के आसपास है, तब मिजोरम का 98.2 प्रतिशत तक पहुंचना यह सिद्ध करता है कि संसाधनों की बहुलता नहीं, दिशा और नीयत महत्वपूर्ण है। यह राज्य, जो भौगोलिक रूप से दूरस्थ और आर्थिक रूप से सीमित है, उसने यह कर दिखाया। भारत के बाकी राज्यों के लिए यह मात्र एक मिसाल नहीं, एक चेतावनी भी है कि अगर शिक्षा अब भी प्राथमिकता नहीं बनी, तो हम अपने सबसे मूल्यवान संसाधन, यानी युवा पीढ़ी को खो बैठेंगे। शिक्षा को लेकर मिजोरम की यह प्रतिबद्धता एक और बात सिद्ध करती है कि कोई भी नीति, चाहे वह कितनी भी सुंदर क्यों न हो, तब तक निष्फल है जब तक समाज उसे अपने मूल्य की तरह नहीं अपनाता। मिजोरम की सफलता का रहस्य केवल सरकारी योजनाओं या आंकड़ों में नहीं छिपा, बल्कि समाज के उस गहरे भाव में है जिसने शिक्षा को आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और नागरिक चेतना का औजार बना लिया है। वहाँ शिक्षा किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी मात्र नहीं है, न ही डिग्री प्राप्ति की दौड़। गाँवों में भी विद्यालय महज सरकारी उपस्थिति का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वहाँ शिक्षक समय पर आते हैं, छात्र पूरे समर्पण से पढ़ते हैं और अभिभावक शिक्षा को जीवन का अविभाज्य हिस्सा मानते हैं। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। ऐसे शिक्षक चाहिए जो केवल पढ़ाएं नहीं, बल्कि प्रेरणा बनें; ऐसे पाठ्यक्रम चाहिए जो स्थानीयता से जुड़े हों और ऐसी व्यवस्थाएं चाहिए जो विद्यालयों को किसी कोने की फाइल नहीं, व्यवस्था का केंद्रीय स्तंभ बनाएं। मिजोरम ने हमें यह दिखाया है कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ सामाजिक चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक जिम्मेदारी में है। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## उपलब्धियां

जी. किशन रेड्डी

'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत श्रृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं। भारत को ये उपलब्धियां एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है।

# नवाचार से बढ़ रहा कोयला क्षेत्र

बीते दिनों जब सीमा पर संघर्ष चरम पर था और भारतीय वीर जवान ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमारे निर्दोष लोगों की हत्या और हमारी 'नारी शक्ति' के अपमान का बदला दुश्मन से ले रहे थे, तब आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए 'शक्ति नीति' में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे एक बार फिर दिखा कि सरकार की बहु-कार्य क्षमताएं कई मुद्दों पर कई परिणामों को एक साथ प्राथमिकता दे सकती हैं। 'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत श्रृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इसके अलावा अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं।

भारत को ये उपलब्धियां रातों-रात प्राप्त नहीं हुई है, बल्कि ये परिवर्तन एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, अटूट विश्वास, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है। 2014 में कोयला क्षेत्र पूरी तरह अव्यवस्थित था। तेजी से बढ़ती मांग की तुलना में कोयले के उत्पादन में गंभीर घाटा था। कोयला और लिग्नाइट उत्पादन में 2009-2010 में 566 मिलियन टन से 2013-2014 में 610 मिलियन टन की एक मामूली वृद्धि देखी गई। एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारी जरूरतों के लिए 1.5% की संचयी वार्षिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं थी। 2014 में इसे नव निर्वाचित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक माना जा रहा था। 2015 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों को रद करने से सरकार को परिवर्तनकारी बदलाव की तलाश करने का अवसर मिला। ग्यारह साल बाद मार्च-2025 तक, लगभग 150 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है।

जून, 2020 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा वाणिज्यिक कोयला खनन के शुभारंभ के बाद से, 11 दौर पूरे हो चुके हैं और वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी का 12वां दौर जो हाल ही में मार्च, 2025 में शुरू किया गया था, प्रगति पर है। परिणाम खुद ही बोलते हैं : पिछले एक दशक में भारत के कोयला उत्पादन में 70% की वृद्धि देखी गई है। ये पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता के साथ एक बड़ी वृद्धि भी है और एक बड़ी उपलब्धि भी, जिसमें राज्य सरकारें सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रही हैं, जिन्होंने पूरे खनन क्षेत्र के लिए लगभग 4.4 लाख करोड़ रुपये और विशेष रूप से कोयला क्षेत्र के लिए 1.6 लाख करोड़ रुपये, केवल नीलामी प्रीमियम और विभिन्न राज्य सरकार के खजाने में प्राप्त रॉयल्टी के माध्यम से प्राप्त किए हैं। स्वतंत्रता के बाद, कोयला उत्पादन को बढ़ाने और विकास के एक नए युग की शुरुआत करने का एक बड़ा अवसर था। मगर निजी क्षेत्र का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए रणनीतिक समझ की कमी नुकसानदेह थी। माल ढुलाई समानीकरण नीति जैसी नीतियों ने खनन क्षेत्रों के करीब उद्योग स्थापित करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया, बल्कि कारखानों को दूर स्थापित



करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। 17 मई 1957 को तत्कालीन इस्पात, खान और ईंधन मंत्री सरदार स्वर्ण सिंह ने कोयला खनन उद्योग पर अधिक सार्वजनिक नियंत्रण प्राप्त करने के इरादे से लोकसभा में "कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) विधेयक" पेश किया। 1951 से 1956 के बीच पहली पंचवर्षीय योजना के अंत में भारत का कोयला उत्पादन 38 मिलियन टन था। चर्चा निजी क्षेत्र के अंतर्निहित अविश्वास के इर्द-गिर्द केंद्रित थी। निजी क्षेत्र की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमताओं और भारतीय युवाओं की उद्यमशीलता की भावना में इस अविश्वास के परिणामस्वरूप 1990 में कोयला उत्पादन लगभग 200 मिलियन मीट्रिक टन तक ही पहुंच पाया। 2020 से शुरू की गई वाणिज्यिक नीलामी व्यवस्था अतीत से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। दशकों से कोयला और खदान क्षेत्र में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा है। मगर पिछले एक दशक में सस्टेनेबिलिटी सबसे आगे आ गई है। वर्तमान में चल रही सौर और पवन परियोजनाओं, पंप स्टोरेज प्लांट और कोल इंडिया के पहले गैर-कोयला महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण के साथ विविधीकरण ने गति पकड़ी है। इसके अलावा, कैबिनेट ने 8500 करोड़ रुपये के कोयला गैसीकरण कार्यक्रम को हरी झंडी दे दी है और निवेश को और बढ़ाने की योजना बनाई है।

अगले कुछ वर्षों में, खदान बंद करना एक मुख्य प्राथमिकता बनी रहेगी और निर्बाध, प्रगतिशील और टिकाऊ खदान बंद करने की गतिविधियों को सक्षम करने के लिए दिशानिर्देशों को संशोधित किया जा रहा है। भूमिगत खनन के पर्यावरणीय लाभों को पहचानते हुए हमने 2029-30 तक 100 मीट्रिक टन तक पहुंचने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया है और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, मंत्रालय फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि 90 प्रतिशत कोयले को कन्वेयर बेल्ट जैसे मशीनीकृत और पर्यावरण के अनुकूल प्रणालियों के माध्यम से लोड किया जाएगा। रिकॉर्ड कोयला उत्पादन के बावजूद, भारत का प्रति व्यक्ति कोयला ऊर्जा उपयोग चीन, अमेरिका और यूरोप से बहुत कम है।

पिछले एक दशक में, बिजली की समग्र स्थापित क्षमता में कोयले का योगदान कम होता गया है। 2014-2015 में स्थापित क्षमता में 60 प्रतिशत योगदान देने से यह अब घटकर 47 प्रतिशत हो गया है, जबकि सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों में तेजी आई है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते रहेंगे और 2047 तक पूरी तरह से विकसित 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील हो जाएंगे, हमारी ऊर्जा की ज़रूरतें बढ़ती रहेंगी और कोयला हमारे ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा। भारत का कोयला क्षेत्र न केवल भारत के विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि यह आधुनिक खनन अर्थव्यवस्था के नियमों को भी पुनः लिख रहा है। कोयला व्यापार विनिमय (कोल ट्रेडिंग एक्सचेंज) जैसे नवाचारों और भविष्य की पहलों के साथ, अब कोयला क्षेत्र में सुरक्षा, दक्षता और डिजिटल जुड़ाव के साथ-साथ एआई, 5जी और जीपीएस ट्रैकिंग को तैनात कर रही है। एक समय भ्रष्टाचार से ग्रस्त, असंतुलित और अकुशल कोयला और खनन क्षेत्र में पिछले दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। जब हम आधुनिकीकरण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए भविष्य की ओर देखते हैं, तो और भी अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां सामने आएंगी, जो वैश्विक खनन और संसाधन अर्थव्यवस्था में एक अग्रणी के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करेंगी।

(लेखक केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीराम चरित मानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की ओर जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योकिं मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## राफ्टिंग का आनंद



पर्यटक कुल्लू जिले में गुरुवार को मनाली के पास ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग का आनंद लेते हुए।

## आज की पाती

### क्यों थम गए पाकिस्तान के परमाणु धमकी के बोल?

बहुत सारे बड़बोले पाकिस्तानी नेता, उग्रवादी व सेना के लोग अक्सर भारत को परमाणु बम की खोखली धमकियां देते रहे हैं। जवाब में भारत भी तुरंत कह देता है कि अगर पाकिस्तान हमारे विरुद्ध परमाणु अस्त्रों का प्रयोग करने का दु:साहस करेगा, तो हम पाकिस्तान को तबाह करते हुए समूल ही नष्ट कर देंगे। आश्चर्यजनक रूप से पिछले लगभग एक महीने से हालात और भारत के बयान बिल्कुल ही बदल गए हैं। भारत सरकार के अधिकारी यही कहते हैं कि हम पाकिस्तान की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं। ऐसा लगता है कि भारत सरकार और सेना की ओर से कुछ ठोस उपाय किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब पाकिस्तान से आने वाली ऐसी धमकियों पर कुछ हद तक रोक लगी है। भारतीय लोगों को एकजुट रहकर, संयम बनाए रखने की जरूरत है। *- प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### घरेलू प्रणालियां मजबूत



आज हम सिर्फ़ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम नये युग की युद्ध तकनीक के लिए भी तैयार हो रहे हैं। हमारी घरेलू प्रणालियों ने यह साबित किया है कि हम दुश्मन के किसी भी कवच को भेदने की ताकत रखते हैं।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मल्चिंग पेपर तकनीक



नागपुर के धापेवाड़ा स्थित हमारे भक्ति फार्म में मेरी पत्नी कांचन ने एक अनूठा प्रयोग करते हुए, मल्चिंग पेपर तकनीक का इस्तेमाल कर एक किलो तक वज़न वाले ऑर्गेनिक प्याज़ का सफल उत्पादन किया है। इससे खरपतवार नहीं उगती है।

**-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है और अब योग हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है। हरियाणा भी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्साहित है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पुंछ को पुनर्वास पैकेज मिले



पुंछ का दर्द वहां जाकर ही महसूस होता है। आग्रह नहीं, सरकार को ज़िम्मेदारी की याद दिला रहा हूं कि पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित इलाकों के लिए ठोस, उदार और तात्कालिक राहत व पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाए।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में कोविड टीका बच्चों को अनिवार्य नहीं

अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने 27 मई, 2025 को घोषणा की कि रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीएस)अब स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए अनुशंसित टीकाकरण की सूची में कोविड-19 के टीके को शामिल नहीं करेगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक वीडियो में की गई यह घोषणा 20 मई को की गई एक अन्य घोषणा की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खुलासा किया था कि वह केवल 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों और गंभीर कोविड-19 के सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए ही टीके के नए संस्करणों को मंजूरी देगा।




एफडीए ने टीके निर्माताओं से यह अपेक्षा की है कि वे चिकित्सीय परीक्षण करें, ताकि यह साबित किया जा सके कि टीका कम जोखिम वाले समूहों के लिए लाभकारी है। द कन्वर्सेशन की अमेरिकी इकाई ने जन स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी पड्र्यू विश्वविद्यालय की नर्सिंग प्रोफेसर लिब्बी रिचड्र्स से पूछा कि वे बताएं कि आम जनता के लिए इन घोषणाओं का क्या अभिप्राय है।

क्यों एचएचएस और एफडीए पूर्व की व्यवस्था को समाप्त कर रहे हैं ?

## ऑफ बीट

# चिर तनाव है मनोभ्रंश जोखिम का कारक

किसी भी अमेरिकी व्यक्ति के अपने जीवनकाल में मनोभ्रंश से ग्रस्त हो जाने की संभावना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकती है। एक अध्ययन में



पाया गया कि 55 से 95 वर्ष तक की आयु के लोगों में मनोभ्रंश विकसित होने की औसत संभावना 42 प्रतिशत थी। चिर तनाव संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से लोगों की उम्र बढ़ने में क्या भूमिका निभा सकता है तथा उनमें मनोभ्रंश का जोखिम भी कितना बढ़ा सकता है। हालिया शोध से पता चलता है कि वर्तमान में मध्यम आयु वर्ग या उससे अधिक उम्र के अमेरिकी लोग पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक बार तनावपूर्ण घटनाओं का अनुभव करते हैं। शोध के एक मजबूत निकाय ने कम से कम 14 विभिन्न कारकों के महत्व पर प्रकाश डाला है जो अल्जाइमर रोग- मनोभ्रंश का एक सामान्य और विनाशकारी रूप - और मनोभ्रंश के अन्य रूपों के आपके जोखिम से संबंधित हैं। हालांकि इनमें से कुछ कारक आपके नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं, जैसे कि मधुमेह या अवसाद। इनमें से कई कारक उन चीजों से संबंधित हैं जो लोग करते हैं, जैसे कि शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ भोजन और सामाजिक जुड़ाव।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देने वाले दो और गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने बंगाली घुसपैठियों की धरपकड़ तेज कर दी है। घुसपैठियों की मदद करने वालों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ऐसे ही दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अभय पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 30 वर्ष पता डोंगरे कॉलोनी सत्संग मंदिर के पीछे भिलाई 3 चरोदा से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से नौदर थाना मोहरगंज जिला चंदौली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वहीं शशि पति सतीश उपाध्याय उम्र 63 वर्ष को जयंती नगर उरला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि



शशि के मकान में दो बांग्लादेश की लड़कियां अवैध रूप से आकर रुकी हुई थीं। उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके विरुद्ध विदेशी विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14 एवं पासपोर्ट भारत में प्रवेश अधिनियम 1920 की धारा 3 एवं पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12 एवं जोड़ने धारा 249(3),61(ख) बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बांग्लादेशी होने का आरोप सपना मंडल उर्फ सपना नूर उर्फ सपना शर्मा पति अभय शर्मा उम्र 31 वर्ष और रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम पर लगाया गया है।

सपना बाघा जोतिन जाधवपुर पश्चिम बंगाल जोबरहाट दिनाजपुर बांग्लादेश हाल शशि उपाध्याय का मकान में रहना बताया गया है। वहीं रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम आसनसोल लखीमपुर पश्चिम बंगाल स्थाई पता जोबरहाट दिनाजपुर बांग्लादेश की बताई गई है। बहरहाल पुलिस की मामले में जांच जारी है।

# बोट्टेतोंग जंगल से नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र स्थित बोट्टेतोंग के जंगल से गुरूवार सुबह सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा डंप किया गया, विस्फोटक बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों द्वारा जंगल में विस्फोटक डंप किया गया था, जो सुरक्षाबलों की सक्रियता से बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मेट्टागुडा कैंप से जिला बल व कोबरा 203 बटालियन की सयुंक्त टीम रवाना हुई थी। अभियान के दौरान गुरूवार सुबह लगभग 10:30 बजे ग्राम बोट्टेतोंग के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे भारी मात्रा में बीजीएल सेल विस्फोटक सामग्री, बीजीएल सेल निर्माण सामाग्री व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।



Dr. Juneja's Divisa www.divisaacare.com
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।


सहायक है:
कब्ज़
गैस
एसिडिटी
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

# नदी के पानी को फिल्टर कर गांव में किया जा रहा सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने राजानांदगांव जिले के ग्राम कौड़ीकसा में आर्सेनिक युक्त पानी मिलने की खबर पर संज्ञान लिया था। साथ ही 27 मई को हुई सुनवाई में सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए थे। शपथपत्र में बताया गया है कि नदी के पानी को फिल्टर करने के बाद गांव में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

- बरामद विस्फोटक में बीजीएल सेल, बॉडी, बॉटम कवर व हेण्ड ग्रेनेड शामिल

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राजनांदगांव जिले के ग्राम कौड़ीकसा में आर्सेनिक युक्त पानी मिलने की खबर पर संज्ञान लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सचिव को हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए थे। सचिव ने हलफनामा पेश करते हुए बताया कि ब्लॉक एवं जिला मोहल्ला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने उक्त रिपोर्ट के बाद विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 19 बोरवेल में से 10 में आर्सेनिक युक्त पानी पाया गया था, जिसे बंद कर दिया गया है। वहीं आर्सेनिक मुक्त जल योजना के चालू होने के बाद नदी के पानी को फिल्टर करने के बाद गांव में पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की पर्याप्त आपूर्ति होने के समय पेयजल की भी नियमित सप्लाई की जाती है। गर्मियों में 1-2 महीने के लिए दिन में एक बार टैंकरों के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जाती थी। वर्तमान में नियमित रूप से बिजली की आपूर्ति हो रही है और ग्रामीणों को नियमित रूप से पीने का पानी सप्लाई की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम कौड़ीकसा ब्लाक मुख्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर मोहल्ला मानपुर रोड हाईवे नंबर 24 पर स्थित है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचलः द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक निम्नलिखित स्थान पर शाखा हेतु कमर्शियल परिसर जो भूतल पर स्थित हो लीज आधार पर कम से कम 15 वर्ष हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :-

| स्थान | कारपेट क्षेत्रफल |
|---|---|
| नया रायपुर | 1500 वर्गफिट |
| पंडरी, रायपुर | 1500 वर्गफिट |
| महासमुंद | 1200 वर्गफिट |

विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.punjabandsindbank.co.in देखें।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

www.zalimlotion.in
जालिम लोशन®


दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए
मेडिकल से आज ही खरीदें
E-mail for Dealership at zalimlotion1929@gmail.com
ANIL PUB.

## तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

**राजनांदगांव।** दोपहर के समय गांव के तालाब में नहाने गए मासूम भाई-बहन की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरा में 28 मई को दोपहर में गांव की कु.पूनम साहू 8 वर्ष एवं पुलकित साहू 5 वर्ष घर से तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे। पुलिस के अनुसार इस दौरान वे तालाब के पानी में डूब गए। जिससे दोनों मासूम की मौत हो गई। दोनों भाई-बहन हैं। इधर इस घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को हुई, गांव में सनसनी फैल गई एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जिम ट्रेनर ने लगाई फांसी कमरे में मिली लाश

**भिलाई।** एक जिम ट्रेनर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम विकास धनी (30 वर्ष) बताया गया है। बताया जाता है कि मृतक पिछले 4 साल से एक युवती के साथ लिव इन में रह रहा था। युवती एक महीने पहले ही असम चली गई। इससे विकास काफी व्यथित था। बहरहाल स्मृतिनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। विकास अपने माता पिता से अलग रहता था। आरके फिटनेस सेंटर में बतौर ट्रेनर काम करता था। आखिरी बार 26 मई का रात उसने अपने पापा से बात की थी। घटना के बाद परिजन मृतक के जुनवानी स्थित चौहान टाउन फ्लैट में पहुंचे। अंदर देखा तो पता चला कि युवक ने खुदकुशी कर ली है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है।

## जहर सेवन से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरबांधा निवासी ज्ञानिक कमार पिता श्यामलाल उम्र 30 वर्ष शराब सेवन करने का आदी था। बुधवार को युवक ने अपने घर में रखे कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए संजीवनी 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। जहां युवक की बुधवार की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई।

## युवक की अज्ञात कारणों से हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत आमगांव निवासी 45 वर्षीय सतलाल धनेलिया का सीएचसी अंतागढ़ में मौत हो गई। सीएचसी अंतागढ़ से थाना अंतागढ़ में मर्ग डायरी पेश कर बताया गया कि मृतक की मौत 28 मई को सुबह साढ़े 10 बजें अज्ञात कारणो से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

## बस ने बाइक को मारी ठोकर, एक मृत, दो घायल

**पलारी।** नगर में गुरुवार को कालेज के समीप बस ने बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छेरकापुर निवासी रोहित मारकंडे अपने परिचत राजकुमार माथुर को साथ में लेकर एक बाइक से ग्राम घोटीया आया, जहां से रोहित मारकंडे अपने ससुर बेनीराम कुर्रे को उसी बाइक पर बैठाकर वापस अपने गांव छेरकापुर जा रहा था कि कालेज के समीप बस सर्विस क्र. सीजी 22 जेड 7555 ने टक्कर मार दी, जिससे बेनीराम बुरी तरह से घायल हो गया तथा अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisement booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

### Appointment आवश्यकता

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

आवश्यकता है- अगर सिक्योरिटी को रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के लिए सुरक्षागार्ड, यूनिट सुपरवाइजर, एवं फील्ड सुरक्षा सुपरवाइजर, स्वयं का दो पहिया वाहन अनिवार्य। शीघ्र संपर्क करे- 8340714355, 7209137999.(RO-1902)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- टाटीबंध स्थित नर्सिंग होम में नर्सिंग स्टाफ एवं आया बाई की आवश्यकता है,रहने की सुविधा उपलब्ध। मो. 9826077576, समय 1-2 PM (RO-0008)

**पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है मिले:- डुको आर्ट, शादीजा कंपाउंड, LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(आरो - 6873)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**टीचर**

आवश्यकता है- Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained & dedicated Teachers to teach English, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Maths, Commerce, 6th to 12th (English Medium) Computer Operator. Must be fluent in English Interview on 02/06/2025, 10:00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, Shivanand Nagar- 8109077730, New Rajendra Nagar- 8109077729.(RO-6980)

**ड्रायवर/सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- (1) ड्राईवर- रायपुर व कुम्हारी में मैन्युअल व आटोमेटिक गाड़ी चलाने हेतु। (कुम्हारी- 9826425718) (2) सिक्युरिटी गार्ड- रायपुर व कुम्हारी हेतु। संपर्कः- 11.00- 1.00 युगबोध डिजिटल प्रिंट्स, 6, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4200932.(RO-865)

**सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- एम्बीशन कंपनी में सर्वे कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं वेतन 12,000/- से 15,000 हजार तक पता- रायपुरा चौक सुंदर नगर एक्सिस बैंक के पास रायपुर Mob. 8839695067, 7247508331.(RO-6865)

**टाइपिस्ट/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- ऑफिस में हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिस्ट हेतु दो लड़कियों की एवं ऑफिस में मार्केटिंग के लिए ऑफिस बॉय की आवश्यकता है उम्र 19 से 25 वर्ष वेतन 7000/- संपर्क :- 9926179342. (आरो - 6868)

क्लासीफाईड

**ऑफिस/प्रूफ रीडर वर्क**

Requirment- (1) Back Office Executive: Graduate, experience in Back Office Work (2) Proofreader: Hindi & English medium Books. Candidate PG in Bioscience. (3) DTP Operator: Science Graduate, Experience Coreldraw, PageMaker, Photoshop, MS Office. Contact: 11:00 to 1:00 Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur Phone: 0771- 4200932, hr@navbodh.com (RO-866)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- टाटीबंध में स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल /डीजल डालने हेतु मेल /फिमेल स्टॉफ की आवश्यकता है (समय - 12:00 से शाम 04:00 तक ) संपर्क मो. न. - 9685652002, 8085098391 पता - चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)(RO-A)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- मेटल पार्क (रांवाभाठा) में ऑफिस स्टाफ कम सुपरवाइजर कार्य करने हेतु एक स्मार्ट ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। उम्र 21 से 30 वर्ष । वेतन 23000 रूपये। संपर्क करें- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस के सामने, फाफाडीह चौक, रायपुर । फोनः 0771-4095884.(RO-839)

**कुली/चौकीदार**

आवश्यकता है- दाल मिल कार्य हेतु कुली (लेबर) एवं चौकीदार की आवश्यकता है। आवास उपलब्ध है। संपर्क करें कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा बंजरपारा सड्डू रायपुर विधानसभा रोड रायपुर संपर्क- 7725800600, 9407619036.(RO-6859)

**वार्डन**

आवश्यकता है- जैन गर्ल्स हास्टल मे वार्डन की आवश्यकता है, शाकाहारी, कंप्युटर की जानकार ,एवं स्मार्ट महिला सम्पर्क करें। रहने, खाने की सुविधा। अरिहंत दर्शन, जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, pachpedhi नाका रायपुर 8959906595. अरिहंत दर्शन, (RO-7377)

**ड्रायवर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- चायपत्ति के फैक्ट्री में गाड़ी चलाने के लिये ड्राईवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह mo-74699-80000, 0771-4025490.(RO-6863)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता –वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 9201956171, 7828901615.(RO-6866)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- राखी दुकान में काम करने हेतु लडके-लडकियो की आवश्यकता है। संपर्क- गोपी राखी, रहमानिया चौक, बंजारी रोड, रायपुर (छ.ग.) मों.- 7024636503, 9827180503.(RO-6872)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है स्थानः धनोरा दुर्ग , अनुभवः न्यूनतम 5 साल, ड्राइविंग लाइसेंसः वैध LMV लाइसेंस आवश्यक, वेतनः अनुभव के अनुसार, समयः सुबह 9बजे से शाम 7बजे तक,कामः ऑफिस / निजी कार चलाना संपर्क -96696-66601, 77719-67111. (आरो नं.- 760)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- भुवनेश्वर ओडिशा में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 70009 48245, 6265636797.(RO-351)

**अन्य**

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी तत्काल जरूरी अनपढ़ से 10-वीं पास लड़कों की सभी एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर,फील्ड बॉय सुपरवाइजर, सैलरी 18500/- से 55750/- (आवास + खाना फ्री) 08920930586.(RO-914)

### Finance फायनेंस

फाइनेंस - जनधन योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9289384524. (आरो -911)

### Property प्रापर्टी

**जमीन**

जमीन बेचना है- (कृषि भूमि पानी बोरवेल सहित) जमीन बेचना है देवरी (धरसीवां) से तिल्दा रोड में 13.50 एकड़ फ्रंट 3.50 एकड़ इंड्रस्टीयल के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें। मो. - 9340505422.(RO-6864)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - बालाजी विहार सेजबहार पुराना धमतरी रोड रायपुर में गुडलक रेसिडेन्सी के सामने 1845 वर्गफीट प्लाट रुपये 1250 प्रति वर्गफुट दर से बेचना है। संपर्क - 7587145437. (RO-907)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक




**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है- न्यू पुरैना महावीर नगर रायपुर मे प्रथम तल पर 2 बीएचके 2 बालकनी 2 लेटबाथ युक्त 861 वर्गफीट सुपर बिल्टअप फ्लैट रुपये 23 लाख मे बेचना है लिफ्ट, सीसीटीवी, सिक्युरिटी गार्ड सुविधा उपलब्ध है । संपर्क - 7587145437. (RO-906)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व व्यक्तिगत से विवेक लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दावाओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में
- क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), HIV(AIDS) रोग हैं।
- समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
- समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844







एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
## कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *



### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

**बच्चो, आज** से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।




### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

### जीवन की नींव

जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया



पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।

Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।

Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।

Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।

Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।

Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।

Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।

Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।

Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।

Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।

Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।

Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।

Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।

Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।

Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है



कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल




### फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

### रंग भरो-176

**रंग भरो-176** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



अयान, रायपुर



कृतिका, सीपत



तेजू, रायपुर



शौर्य, जांजगीर



अरल, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

### रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## जैकेट के शेष

### सोसाइटियों में नहीं ....

लिए डीएपी की जगह अन्य खाद सोसायटियों को दे रहा है। हालांकि अभी भी सरकार का दावा है कि राज्य में उवर्रकों की कमी नहीं है, पर इसमें डीएपी शामिल नहीं है।

**अभी खाद के स्टॉक का ये ब्योरा :** सहकारिता क्षेत्र में अपेक्स बैंक के सूत्रों के अनुसार इस समय सोसायटियों में करीब सभी प्रकार की चार लाख टन खाद उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसमें यूरिया, सुपर फॉस्फेट, डीएपी, एनपीके, एमओपी व अन्य शामिल हैं। इसमें से किसान करीब डेढ़ लाख क्विंटल खाद का उठाव कर चुके हैं। रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सहित अन्य जिलों में खाद की उपलब्धता बताई गई है।

**डीएपी का संकट बरकरार :** मार्कफेड एवं सहकारिता क्षेत्र के जानकार मानते हैं कि डीएपी की उपलब्धता मांग के मुकाबले कम है। अंतर्राष्ट्रीय कारण जैसे रूस यूक्रेन युद्ध और और लाल सागर में इजराइल के खिलाफ चल रही लड़ाई के कारण जल परिवहन प्रभावित होने की वजह से कई देशों से खाद का आयात प्रभावित हुआ है। फिलहाल इस संकट के टलने के आसार कम हैं।

**नहीं है डीएपी की उपलब्धता :** इस संबंध में मार्कफेड की एमडी किरण कौशल ने कहा है कि डीएपी की उपलब्धता अभी नहीं है। यही कारण है कि कृषि विभाग के मार्गदर्शन के अनुरूप किसानों को अन्य वैकल्पिक खाद उपलब्ध कराई जा रही है। **ये विकल्प मौजूद :** धान के लिए प्रति हेक्टेयर 100-120 किलोग्राम डीएपी पर्याप्त है, लेकिन मिट्टी परीक्षण के आधार पर इसका उपयोग करना चाहिए। अगर डीएपी के विकल्प की बात की जाए तो डीएपी की कमी होने पर एनपीके (12:32:16) या सिंगल सुपर फॉस्फेट का उपयोग किया जा सकता है। सोसाइटियों को किसानों को एनपीके 20-20-16 थमाया जा रहा है।

### किसान कहते हैं...

मार्कफेड ने डिमांड ही घटा दिया। इस बार सिर्फ 5267 टन डीएपी वितरण करने का टागरेट रखा गया है। जिले में अब तक सिर्फ 3883 टन डीएपी का ही वितरण किया गया है। कोढिया सोसायटी का उपकेन्द्र धनोरा के लिपिक देवलाल साहू ने बताया कि, एक हजार बेग डीएपी का डिमांड भेजा गया है, लेकिन बीस दिन बीतने के बाद सिर्फ दस फीसदी डीएपी भेजा गया है।

### देश में तेजी ....

गरज के साथ बारिश, तेज हवा और हल्की बारिश हो सकती है। वहीं दिल्ली में कल हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिकतम तापमान 36-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं कल और परसों पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगहों पर लू चल सकती है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ गया है, जो ओडिशा, बंगाल की खाड़ी के पूर्वी हिस्से, पूर्वोत्तर राज्यों को कवर कर रहा है।

### दंतेवाड़ा में ठहरा ....

तीन दिनों तक प्री मानसूनी बारिश होती रहेगी। प्री मानसूनी बारिश के साथ अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी भी मौसम विभाग द्वारा जारी की गई है। दूसरी ओर, दक्षिण पश्चिम मानसून के अगले एक-दो दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून पश्चिम बंगाल के कुछ और भाग और बिहार के कुछ भाग में पहुंचने की संभावना है। एक अवदाब बांग्लादेश तट के पास उत्तर दिशा में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। इसके और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल तट तथा बांग्लादेश तट के बीच सागरद्वीप और खेपूपारा के बीच 29 मई को पार करने की संभावना है।

### इन मामलों में थी तलाश....

है। गिरफ्तार नक्सली हिड़मा वर्ष 2007 में 14 वर्ष की उम्र में नक्सल सगंठन में शामिल हुआ था। 2013 तक बाल संघम में शामिल होने के बाद उसे 2016 में आध्र ओडिशा बार्डर प्लाटून (एओबी) में शामिल किया गया था। इसके बाद वर्ष 2019 में उसे एरिया कमेटी मेंबर बनाया गया, जिसके बाद वह एसजेडसीएम सुरेश के साथ मिलिट्री बटालियन में कार्यरत था।

### मिलिट्री चीफ बारसे ....

एसीएम रैंक का था, ना कि बारसे हिड़मा मिलिट्री चीफ था। इसके बाद वायरल खबर पर विराम लगा।

### सुप्रीम कोर्ट को ....

अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनकी नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, राष्ट्रपति ने भारत के प्रधान न्यायाधीश के परामर्श के बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन वी अंजारिया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई और बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय के सेवानिवृत्त होने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों के तीन मौजूदा रिक्त पदों के लिए उनके नामों की सिफारिश की गई थी। नियुक्तियों से संबंधित फाइलें बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास पहुंचीं थीं जिसके बाद उन्हें मंजूरी मिल गई है। उनकी नियुक्तियों के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 हो गई।

### आकाशीय बिजली गिरने ....

उपचार जारी है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मृतक के परिजनों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने एवं घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को दोपहर लगभग 3:00 से 3:30 बजे के बीच तेज बारिश के समय ग्राम पहंदा स्थित पुराने आंगनबाड़ी भवन के पास कुछ लोग बारिश से बचने के लिए रुके हुए थे। इसी दौरान वहां आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर प्रतीक कोसले (26), निवासी ग्राम पहंदा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### माशिम के समकक्ष ....

ऐसे में सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ में लगभग 50 विद्यालय ऐसे होंगे, जो इस बोर्ड से संचालित होंगे। गौरतलब है कि, प्रत्येक शिक्षा बोर्ड अन्य शिक्षा बोर्ड जो मापदंड पूर्ण करता है, उसे समकक्षता प्रदान की जाती है। ताकि छात्रों को दिक्कतें ना हो और वे एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में आसानी से प्रवेश प्राप्त कर सकें।

# कांग्रेस की तेजतर्रार प्रवक्ता रागिनी नायक ने उठाये कई सवाल

# 'सिंदूर' पर सियासत तेज, कांग्रेस ने भाजपा के 'सिंदूरी अभियान' पर जताया एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने भाजपा के 'सिंदूर दान' अभियान और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सिंदूर के प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए भाजपा पर इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। भाजपा द्वारा 9 जून से घर-घर जाकर महिलाओं को सिंदूर बांटने के अभियान को रागिनी नायक ने राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा, पराये आदमी के जरिए दिया गया ये सिंदूर किसके काम आएगा? और किसके लिए काम आएगा? भारतीय नारी को तो सिंदूर पति और ससुराल से मिलता है।" उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने माथे पर सिंदूर दिखाते हुए कहा, मेरे हाथ और मांग में सिंदूर है। इसका भारतीय महिला के लिए क्या महत्व है, ये मैं भाजपा के नेताओं को बताना चाहती हूं। सुहाग का, प्रेम का, सात जन्मों के साथ का। सुहाग की रक्षा के लिए, सिंदूर भारतीय नारी की आन-बान और शान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपानीत केंद्र सरकार अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए सिंदूर को ढाल बना रही है।

# नेहा सिंह राठौर को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को आज राहत नहीं मिली। नेहा ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी थी। उन पर सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने का आरोप है। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 6 जून को तय की है। नेहा ने याचिका में कहा है कि उन्हें दुर्भावनापूर्वक फंसाया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव**
**जिला राजनांदगांव**
**राजस्व मामले मे नोटिस**

रा.मा.क्र. 202503095500003/अ-27
वर्ष 2024-25

क्रमांक /प्र.तह./2025
डोंगरगांव दि. 27/05/2025

**प्रति,**

1. हेमंत कुमार साहू आ. अवधराम साहू निवासी ग्राम कोटरासरार तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)


आवेदक जयप्रकाश आ. अवधराम साहू निवासी ग्राम कोटरासरार तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम कोटरासरार स्थित शामिल खाते की भूमि कुल खसरा नं. 49/1, 49/9, 49/12, 80/1, 241/1 रकबा 0.7090, 0.1210, 0.4450, 0.5580, 0.0330 हेक्टेयर कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 1.8660 हेक्टयर भूमि दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि का खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आपको नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन से पेशी दिनांक 09.06.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दावा प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 27.5.2025
पेशी दिनांक 09.6.2025
**नायब तहसीलदार डोंगरगांव**



**गुमशुदा**



श्रीमती दुलारी देवी उम्र लगभग 85 वर्ष जो कि सुबह 5 बजे घुमने हेतु घर से निकली थी, जिसे सुबह 7 बजे तक सेंट जोसफ स्कूल के आस-पास देखा गया। उसके बाद से उसे देखा नहीं गया। जिस किसी सज्जन को दिखाई दे या मिले या सूचना दे। उसे 5100रूपये इनाम स्वरूप दिया जायेगा।

संपर्क करें-
**अर्जुन प्रसाद**
गली नं.- 03, शिवविला कॉलोनी, आनंद डेली निड्स, अमलीडीह, रायपुर
मो.- 9827123419,8120000419



**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा- मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

**नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

एक/ अनेक व्यक्तियों को दिए अग्रिम के लिए प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास गिरवी रखे हुए निम्नलिखित आभूषण को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. | उधारकर्ता का नाम एवं पता | आभूषणों की संख्या | सकल वजन |
|---|---|---|---|
| 01 | हितेश गुप्ता पुत्र लक्ष्मी कांत गुप्ता, वार्ड नं. 08, बस स्टेण्ड, आरंग, पोस्ट- आरंग, रायपुर (छ.ग.) 493441 | चैन- 1 नग, रिंग- 1 नग | 14.900 ग्राम |

नीलामी के माध्यम से आभूषणों का विक्रय बैंक के शाखा परिसर में दिनांक **06/06/2025** को अपरान्ह **3.00 बजे** किया जाएगा तथा उच्चतम बोलीकर्ता के पक्ष में उक्त आभूषणों का विक्रय किया जाएगा। बैंक द्वारा स्वीकृति दिए जाते ही बोलीकर्ता को बोली की संपूर्ण राशि को जमा करना होगा।

बैंक के पास नीलामी को निरस्त करने और/अथवा स्थगित करने अथवा बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**शाखा प्रबंधक**



**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**नीलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/06/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 134150730014905, दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 134110700019714, 134110730027543, महाराजा चौक, 116770700014897, 4994, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 126220730016009, स्मिति नगर भिलाई, 115830700018640, महासमंद, सरायपाली छत्तीसगढ़, 138490700003092, रायपुर, बडाईपाडा, 113640700023508, बनपुरी, 114590700027007, 8612, कटोरा तालाब रायपुर, 131700700016802, 131700730015203, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 128700700018953, पंडरी रायपुर, 114140730021275, 1279, 1282, तेलीबंधा रायपुर, 123840700027570, राजनंदगाव, लालबाग राजनंदगाँव, 133880700018843,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



**कार्यालय प्राचार्य, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर. जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

क्रमांक /429 /EMRS/निविदा/2025-26 फरसकोट भानुप्रतापपुर,दिनॉंक 28/05/2025

**-:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::-**

जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) अंतर्गत संचालित **संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर** के सालन हेतु शिक्षण सत्र 2025-26 में लगने वाले सब्जी एवं फल, मांसाहारी सामग्री, खाद्य एवं दैनिक उपयोगी सामग्री, बेकरी सामग्री एवं हेयर कटिंग के लिए फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से पृथक-पृथक सील बंद निविदाऐं छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) के नियम 4.6 में निहित प्रावधान अनुसार **स्पीड पोस्ट** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्तानुसार सामग्री के लिये निविदा प्रपत्र **संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर** से **"निविदा से प्राप्तियां अंतर्गत 250 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण 800 अन्य प्राप्तियाँ, निविदा फार्म विक्रय राशि"** शीर्ष में रू. 200/- का पृथक-पृथक चालान जमा कर चलान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर दिनांक 06.06:2025 तक कार्यालयीन दिवस प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**-: निविदा की प्रक्रिया के लिए निम्नानुसार समय-सारणी निर्धारित होगी :-**

| विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं सामग्री सूची प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.06.2025 | दोपहर 03.00 बजे तक |
| स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 16.06.2025 | सायं 05:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय (स्थान - कार्या. सहायक आयुक्त, आ.वि. कांकेर) | 18.06.2025 | पूर्वान्ह 11:00 बजे |

**प्राचार्य**
**संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर**


## पेज एक के शेष

### राज्य के 20 हजार...

इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना बंद हो गई है। इस योजना के तहत प्रदेशभर के 30 हजार स्कूलों की मरम्मत होनी थी, लेकिन 20 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां काम पूरा नहीं हो पाया। दुर्ग जिले में ही स्कूल शिक्षा विभाग के 710 और समग्र शिक्षा के अंतर्गत 70 स्कूलों का संधारण होना था। स्कूल खुलने में सिर्फ 16 दिन शेष हैं, बारिश शुरू हो चुकी है, ऐसे में मरम्मत की बात अब बेमानी लग रही है।

### प्रदेश के खंडहर...

निर्माण विभाग द्वारा खंडहर स्कूलों की डिसमेंटल प्रक्रिया ही पूरी नहीं की गई है, जो बच्चों और स्टाफ के लिए घटना का कारण बन सकता है। दुर्ग जिले में 17 स्कूल ऐसे हैं जो पूरी तरह खंडहर हो चुके हैं। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खुर्सीपार कैंप, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन मरोदा, शासकीय प्राथमिक शाला सुपेला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी, शासकीय माध्यमिक शाला पोटियाकला दुर्ग सहित 17 स्कूलों का भवन सालों पुराने हैं। इन भवनों की अवधि 80 से 110 साल तक हो गई है। इसलिए इन स्कूल भवनों को डिसमेंटल करना है। आदेश भी हो चुके हैं लेकिन इस तरफ न विभाग का ध्यान है और न ही लोक निर्माण विभाग का।

### पीएम मोदी बोले-ऑपरेशन...

पहलगाम हमले के बाद भारत ने दुनिया को बता दिया कि अगर अब भारत पर कोई आतंकवादी हमला हुआ तो दुश्मन को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि हमने उसके घर में घुसकर तीन बार मारा है। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान को निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को संस्थागत रूप देने का आरोप लगाया। आतंकवाद और सामूहिक हत्याएं ही पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी दक्षता हैं। जब भी कोई युद्ध होता है, तो उन्हें हार का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की आतंकवाद की विरासत और 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा, जब से पाकिस्तान अस्तित्व में आया है, उसने केवल आतंक को ही बढ़ावा दिया है।

### रक्षा, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष ....

प्रावधान किए गए हैं। स्थानीय को रोजगार देने पर देंगे अनुदान - छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को रोजगार देने पर उद्योगों को प्रति माह 2 लाख कर्मचारी अनुदान दिया जाएगा। स्थापित जीसीसी की सेवा गतिविधि प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों तक राज्य की मूल निवासियों को भुगतान किए गए वेतन का 20% अधिकतम रुपए 2 लाख प्रतिमाह कर्मचारी अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसी तरह रक्षा, एयरोस्पेस, एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के स्थापित उद्योगों में 50000 तक मासिक वेतन प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को भुगतान किए गए वेतन का 20% की प्रतिपूर्ति नियोजन से 5 वर्षों तक अधिकतम प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन गतिविधि दिनांक से 7 वर्षों तक की जाएगी।

### रानू-सौम्या समेत चार .....

सूर्यकांत तिवारी, समीर विश्नोई और सौम्या चौरसिया को निर्देश दिया जाता है कि वे अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे, सिवाय इसके कि वे आवश्यकता पड़ने पर जांच एजेंसी या निचली अदालत के समक्ष उपस्थित रहेंगे। पीठ ने उनकी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया, उन्हें (आरोपियों को) रिहा होने के एक सप्ताह के भीतर उस थाने को अपने निवास का पता देने का निर्देश दिया जाता है, जिसके क्षेत्राधिकार में वह छत्तीसगढ़ के बाहर रह रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के वकील ने जमानत याचिकाओं का विरोध किया और कहा कि ये सभी हाई-प्रोफाइल आरोपी कई घोटालों में शामिल हैं। उन्होंने पीठ से सख्त शर्तें लगाने का आग्रह किया, ताकि उनके खिलाफ मुकदमा प्रभावित न हो। पीठ ने आदेश दिया, यदि याचिकाकर्ता गवाहों से संपर्क करने या उन्हें किसी भी तरह से प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश करते पाए जाते हैं, तो इसे अंतरिम जमानत की रियायत का दुरुपयोग माना जाएगा। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा होने के तुरंत बाद निचली अदालत-विशेष अदालत में अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया जाता है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम,राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक 251/ राजस्व/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 27/5/2025

**-: सार्वजनिक नीलामी सूचना (बारहवॉ) :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के स्वामित्व की हाई ट्रैक बस स्टैण्ड की मोती तालाब के पास भूतल में 06 दुकानों तथा प्रथम तल में 05 दुकानों का निर्माण कराया गया है, नव निर्मित रिक्त दुकानों का आबंटन (निर्धारित प्रीमियम तथा मासिक किराए पर) किए जाने हेतु उक्त दुकानों की खुली नीलामी दिनांक 12.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी नीलामी संबंधी समस्त नियम एवं शर्ते तथा निर्धारित आवेदन पत्र निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से कार्यालयीन कार्यदिवस एवं समयावधि में निर्धारित शुल्क रू. 500.00 का नगद भुगतान कर दिनांक 27.05.2025 समय 10.00 बजे से दिनांक 10.06.2025 शाम 5.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है नीलामी में भाग लेने के पूर्व निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदक द्वारा अपनी सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी तथा प्रति दुकान हेतु पृथक-पृथक निर्धारित अमानत राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से (जो आयुक्त नगर पालिक निगम के पक्ष में देय होगा) आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन तथा निर्धारित अमानत राशि जमा नही करने पर कोई भी व्यक्ति बोली में भाग नहीं ले सकेगा।

**-: हाई टैक बस स्टैण्ड की मोती तालाब के पास दुकानों का विवरण :-**

| दुकान की अवस्थिति | क्र. | दुकान क्रमांक | दुकानो की क्षेत्रफल (प्रति वर्गमीटर) | आरक्षण की स्थिति | निर्धारित प्रीमियम | अमानती राशि 10 प्रति प्रतिशत | प्रति दुकान मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूतल | 1 | G-2 | 3.60 X 3.40 | अनारक्षित | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| | 2 | G-3 | 3.60 X 3.40 | अनारक्षित | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| | 3 | G-4 | 3.60 X 3.40 | अनु. जनजाति | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| | 4 | G-5 | 3.60 X 3.40 | महिला वर्ग | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| | 5 | G-6 | 3.60 X 3.40 | अ.पि.वर्ग | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| | 6 | G-8 | 3.60 X 3.40 | अनारक्षित | 1729196.00 | 172920.00 | 2882 |
| प्रथम तल | 7 | F-1 | 7.40 X 7.50 | अनारक्षित | 2712125.00 | 271213.00 | 4520 |
| | 8 | F-2 | 7.40X7.50 | अनारक्षित | 2712125.00 | 271213.00 | 4520 |
| | 9 | F-3 | 3.60 X 7.50 | अ.पि.वर्ग | 1319412.00 | 131941.00 | 2199 |
| | 10 | F-4 | 3.60 X 7.50 | अनु. जनजाति | 1319412.00 | 131941.00 | 2199 |
| | 11 | F-5 | 3.60 X 7.50 | अनारक्षित | 1319412.00 | 131941.00 | 2199 |

नोट:- 1. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम राजनांदगांव**



**सीएफएम एसेट रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** CFM thoughtful regeneration

पंजीकृत कार्यालय: "ब्लॉक नंबर ए/1003, वेस्ट गेट, वाईएमसीए क्लब के पास, सर्वे नंबर 835/1+3, एस. जी. हाईवे, मकरबा, अहमदाबाद-380051 गुजरात" कॉर्पोरेट कार्यालय: पहली मंजिल, वेकफील्ड हाउस, स्प्रोट रोड, बलार्ड एस्टेट, मुंबई-400038, ईमेल: Info@Cfmarc.in, Sweta.Rana@ Cfmarc.in, Anmol.Mishra@Cfmarc.in संपर्क: 022-40055282

परिशिष्ट-IV-A
[नियम 8 (6) के प्रावधान देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के प्रावधान के साथ अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/(ओं) और गारंटर/(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (सुरक्षित परिसंपत्ति) सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीएफएमएआरसी ट्रस्ट - 1 आईएचएफएल 'सुरक्षित लेनदार' के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। जिसे 'जहां है जैसा है आधार पर', 'जो कुछ भी है वैसा आधार पर', 'जो कुछ भी है' और 'कोई सहारा नहीं आधार' पर 16.06.2025 को बेचा जाएगा, जिसमें 1,99,46,240/- रुपये (एक करोड़ निन्यानबे लाख छियालीस हजार दो सौ चालीस रुपए मात्र) की वसूली होगी, जो ऋण खाता संख्या HLAPRPR00317699 पर लंबित है, जिसमें बकाया मूलधन, बकाया राशि (उपार्जित विलंब शुल्क सहित) और ऋण समझौते और अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के अनुसार 19.05.2025 तक लागू भविष्य के ब्याज के साथ 20.05.2025 से प्रभावी कानूनी खर्च और अन्य शुल्क शामिल सुरक्षित लेनदार को श्री रफीक उरमानी और सुश्री परवीन उमरानी से लेना है। संपत्तियों का आरक्षित मूल्य और बयाना राशि नीचे दी गई है:-

| | |
|---|---|
| सुरक्षित संपत्ति का विवरण: | प्लॉट क्रमांक 27 पर निर्मित नगर निगम हाउस क्रमांक 15/616 वाला परिसर, प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 4000 वर्ग फीट है। घर का निर्मित क्षेत्रफल भूतल 1320 वर्ग फीट और प्रथम तल 1348 वर्ग फीट है। संपत्ति खसरा क्रमांक 696/6, प.ह. नंबर 106(बी) का हिस्सा है, छत्तीसगढ़ सहकारी समिति अधिनियम, 1960 के अंतर्गत समता कॉलोनी, स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 15, ग्राम-रायपुर खास रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़। चौहद्दी:- पूर्व: हनुमान प्रसाद का घर पश्चिम: अब्दुल गफ्फार उमरानी का घर उत्तर: सड़क दक्षिण: बिहारीलाल जैन का घर। |
| सुरक्षित ऋण: | 19.05.2025 तक ऋण खाता संख्या HLAPRPR00317699 के अंतर्गत रु. 1,99,46,240/- (एक करोड़ निन्यानबे लाख छियालीस हजार दो सौ चालीस रुपये मात्र) बकाया है, साथ ही उस पर ब्याज, अन्य लागतें और व्यय भी बकाया हैं, जो अंतिम भुगतान तक देय हैं। |
| आरक्षित मूल्य रु.: | 1,50,00,000/- (एक करोड़ पचास लाख रुपये मात्र) |
| निरीक्षण: | अनुरोध पर जाना |
| ई-नीलामी हेतु समय, दिनांक, स्थान: | वेबसाइट (www.auctionfocus.in) के माध्यम से ई-नीलामी/ बोली तिथि: 16.06.2025 समय: शाम 05.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक |
| बोली जमा हेतु अंतिम तिथि एवं समय | 15.06.2025 को शाम 5:00 बजे या उससे पहले |
| ईएमडी: | रु. 15,00,000/- (पंद्रह लाख रुपये मात्र) |
| संपर्क: | 0124-6910910, +91 7065451024 |

यदि कोई हो तो ऋणभार: सुरक्षित लेनदार को ज्ञात नहीं है
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले संबंधित संपत्तियों की ई-नीलामी/बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों और अन्य विवरणों के लिए सुरक्षित लेनदारों की वेबसाइट यानी https://www.cfmarc.in पर दिए गए लिंक को देखें। बोलीदाता www.auctionfocus.in पर भी जा सकते हैं या संपर्क नंबर: 0124-6910910, +91 7065451024;
ई-मेल आईडी: auction helpline@sammaancapital.com पर संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक: 21.05.2025 एसडी/-अधिकृत अधिकारी
स्थान: रायपुर (छत्तीसगढ़) सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
सीएफएमएआरसी ट्रस्ट - 1 आईएचएफएल के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत


## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5882



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5881 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5892

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5891 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |



# सितारे जमीन पर का नया गाना 'सर आंखों पे मेरे' रिलीज...

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत फिल्म 'सितारे जमीन पर' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जो जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। गुरुवार के दिन फिल्म का नया गाना 'सर आंखों पे मेरे' रिलीज किया गया है। इस गाने में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख के बीच भावनात्मक अंदाज को देखा जा सकता है। आमिर खान की आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' का नया गाना 'सर आंखों में मेरे' एक भावनात्मक सॉन्ग है, जिसे अरिजीत सिंह और शरीवा पारुलकर द्वारा गाया गया है। इस गाने में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया देशमुख को एक साथ स्क्रीन पर देखा गया है। वीडियो में दोनों कलाकार को उत्सव के माहौल में उदास देखा जा सकता है।

लाइफ Style



# हुमा

## जम्मू के पर्यटन स्थल को दिया बढ़ावा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने जम्मू में मारे गए सरकारी अधिकारी के परिवार से मुलाकात की। हुमा ने जम्मू के पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने की पहल भी की है। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने बुधवार को जम्मू में एक वरिष्ठ अधिकारी राज कुमार थापा के परिवार से मुलाकात की, जिनकी पाकिस्तानी गोलाबारी में मृत्यु हो गई थी।

हुमा ने जम्मू के पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने की पहल भी की है। जम्मू में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक पहल शुरू की गई है, जिसमें मशहूर हस्तियों के दौरे शामिल हैं। इसकी शुरुआत हुमा कुरैशी की यात्रा से हुई। वे शांति और आशा का संदेश देने जम्मू पहुंचीं। हुमा ने राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थापा के परिवार से उनके घर पर मुलाकात की। थापा की 10 मई को राजौरी में पाकिस्तानी गोलीबारी में मृत्यु हुई थी। इस दौरान हुमा ने जम्मू और कटरा के होटल व रेस्तरां एसोसिएशन के लोगों से भी बात की। अभिनेत्री ने जम्मू की सुंदरता, आतिथ्य और संस्कृति को बढ़ावा देने की अपील की। उनका कहना था कि मशहूर हस्तियों का समर्थन पर्यटकों का भरोसा बढ़ा सकता है। शाम को भारत-पाक सीमा पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जो एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक था। हुमा कुरैशी ने वहां जम्मू-कश्मीर के लोगों की हिम्मत और भावना की प्रशंसा की। उन्होंने और हस्तियों से इस खूबसूरत क्षेत्र की संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव करने की अपील की। अधिकारी ने कहा कि कुरैशी की यात्रा जम्मू-कश्मीर को एक सुरक्षित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का एक मजबूत संदेश है।

हॉलीवुड मसाला



# बिना स्क्रिप्ट किया दुष्कर्म सीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टंटवुमन डेविना लाबेला ने फिल्म निर्देशक और अभिनेता केविन कॉस्टनर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार कहा गया है कि 'होराइजन 2' फिल्म की शूटिंग के दौरान बिना किसी प्रोटोकॉल और स्क्रिप्ट के डेविना लाबेला को दुष्कर्म वाला सीन करने के लिए मजबूर किया गया था। डेविना ने एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि यह घटना 2 मई, 2023 को यूटा सेट पर हुई, जिसमें उनके साथ गलत हुआ।



# एंड्रयू और ट्रिस्टन ट्रेट पर 21 गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन ट्रेट पर ब्रिटेन में पहली बार क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने आरोपों की पुष्टि की है। हालांकि, पिछले साल भी इन पर आरोप लगाए गए थे और समाचार मीडिया ने गिरफ्तारी वारंट की सूचना भी दी थी। साल 2016 में ही दोनों भाई रोमानिया चले गए थे। अब इन आरोपों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हुई है। 38 वर्षीय एंड्रयू टेट पर तीन महिलाओं से संबंधित 10 आरोप हैं जिनमें दुष्कर्म, शारीरिक नुकसान, मानव तस्करी और लाभ के लिए वेश्यावृत्ति को नियंत्रित करना शामिल है। वहीं, उनके भाई 36 वर्षीय ट्रिस्टन टेट पर एक महिला से संबंधित 11 आरोप हैं जिनमें दुष्कर्म, मानव तस्करी और शारीरिक नुकसान शामिल हैं।




# शैतान की दुनिया में हुई मां की एंट्री...

**मुंबई।** काजोल की हॉरर-थ्रिलर फिल्म मां का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। पहली बार काजोल किसी हॉरर-मायथोलॉजी फिल्म में नजर आ रही हैं। पिछले साल आई अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान की दुनिया से ये अगली फिल्म है। फिल्म में काजोल एक मां के किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का इवेंट मुंबई में किया गया। जिसमें अभिनेत्री काजोल ने दमदार अंदाज में एंट्री की। काजोल इवेंट में ब्लैक कलर की साड़ी में पहुंचीं। इस दौरान अजय देवगन भी मौजूद रहे। मां का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जिसके साथ ही शैतान की दुनिया में अब मां की भी एंट्री हो गई है। फिल्म आर माधवन भी दोइतो के किरदार में नजर आएंगे। इस मौके पर काजोल ने कहा कि ये मेरी पहली माइथो-हॉरर फिल्म है।



# रामायण के सेट से आई पहली तस्वीर...

**मुंबई।** नितेश तिवारी की 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज होगी। 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 तक रिलीज होने वाला है। दूसरा पार्ट दिवाली 2027 पर आएगा। फिल्म में राम के रोल में रणबीर कपूर, सीता के रोल के लिए साई पल्लवी तो वहीं यश को रावण के रोल के लिए कास्ट किया गया है। प्रोजेक्ट की शूटिंग जोरों से चल रही है। इस मूवी से अब तक कई बड़े नाम जुड़ चुके हैं और कई नाम जुड़ते नजर आ रहे हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' से साउथ सुपरस्टार यश का नाम भी जुड़ चुका है। ऐसे में शूटिंग सेट से यश की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में एक्टर का नया लुक देखने को मिल रहा है। दरअसल, फिल्मफेयर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'रामायण' के शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं।

# 'तू मेरी मैं तेरा- मैं तेरा तू मेरी' के सेट से लीक हुआ शूटिंग वीडियो

**मुंबई।** को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस लिस्ट में अनुराग बसु की रोमांटिक ड्रामा मूवी भी शामिल है। इस फिल्म में कार्तिक, साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ नजर आएंगे। वहीं, एक बार फिर से कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे रोमांटिक कॉमेडी 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के लिए साथ आए हैं। समीर विद्वान द्वारा निर्देशित यह फिल्म यूरोप में फ्लोर पर आ चुकी है। ऐसे में इस फिल्म की शूटिंग सीन का एक वीडियो लीक हो गया है। वायरल वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क किनारे एक कैफे में एंट्री करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि अनन्या पांडे



एक दोस्त के साथ बैठी हुई दिखाई दे रही हैं। इस दौरान कैफे में बहुत सारे और लोग भी नजर आ रहे हैं। वहीं, इस ओपन कैफे में एंट्री करते ही कार्तिक, अनन्या को दूर से देखते दिख रहे हैं। लुक की बात करें तो अनन्या इस दौरान ऑफ शोल्डर वन पीस ड्रेस में नजर आ रही हैं। तो वहीं, कार्तिक ने व्हाइट एंड नेवी ब्लू कलर की लाइनिंग वाली शर्ट कैरी की है, जिसमें वो बेहद हैंडसम लग रहे हैं। इसके अलावा 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म की कुछ और तस्वीरें एक्स पर भी वायरल हैं। इस फोटो में अनन्या ब्लू एंड येलो कलर की बिकिनी पहने धूप में बैठी नजर आ रही हैं। कार्तिक की बात करें तो उन्होंने व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है, जिसके सामने के कई बटन खुले हैं।

# पिता साथ में नहीं मना पाते थे कोई त्योहार

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का कहना है कि उनके पिता पुलिस थे और कड़ी मेहनत करते थे। हालांकि. परिवार के साथ वक्त बिताने के लिए छुट्टी नहीं मिलती थी। उन्होंने पुलिस की जॉब को नाशुक्रगुजार बताया है। कपिल शर्मा की बातचीत में उनके पिता का जिक्र कम ही रहता है। हालांकि, वह उनकी बीमारी और जॉब से जुड़ी बातें कुछेक बार बता चुके हैं। एक इंटरव्यू में



उन्होंने बताया कि पिता पुलिस थे और उन्हें कभी परिवार के साथ समय बिताने के लिए छुट्टी नहीं मिलती थी। इस वजह से उन्होंने बहुत कम त्योहार साथ में मना पाए। मैंने अपने पिता को कड़ी मेहनत करते देखा है। पुलिस फोर्स नाशुक्र जॉब है। हम परिवार के साथ बमुश्किल ही बार गए होंगे, न ही हम साथ त्योहार मनाते थे। क्योंकि. उन्हें हमारे लिए कोई छुट्टी नहीं मिलती थी।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

टीवी मसाला



# टीवी पर ये महिला किरदार हुए खूब मशहूर

**नई दिल्ली।** अधिकतर टीवी सीरियल्स की कहानियां महिला किरदारों पर आधारित होती हैं। सास-बहू ड्रामा सीरियल तो टीवी पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इन्हीं टीवी सीरियल्स में कई एक्ट्रेसेस ऐसी बहू के किरदार में नजर आती हैं, जो अपने घर-परिवार को बांधे रखती हैं। इन दिनों भी 'अनुपमा' सीरियल में रुपाली गांगुली ऐसा ही किरदार निभा रही हैं। वैसे अनुपमा से पहले भी टीवी पर कई चर्चित बहुएं रही हैं। लगभग 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में स्मृति ईरानी ने तुलसी विरानी का रोल किया था। वह उस समय टीवी की सबसे चर्चिच बहू बन गई थी। इसी नाम से आज भी स्मृति ईरानी को पहचाना जाता है। इस किरदार के साथ महिला दर्शकों का बहुत गहरा जुड़ाव देखा गया था। साक्षी तंवर सीरियल 'कहानी घर घर की'से 25 साल पहले टीवी पर खूब पॉपुलर हुईं। इस सीरियल में वह पार्वती का किरदार निभाती थीं। पार्वती को भी तुलसी विरानी जैसी ही पॉपुलैरिटी टीवी पर मिली। इस सीरियल और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'को एकता कपूर ने ही प्रोड्यूस किया था। साल 2010 में शुरू हुए सीरियल 'साथ निभाना साथिया' में जिया मानेक ने कुछ वक्त तक गोपी बहू का किरदार किया था। यह किरदार भी कुछ ही समय में टीवी की सबसे चर्चित बहुओं की लिस्ट में शामिल हो गया। यहां तक की मीम्स की दुनिया में भी इस किरदार के सीन्स को खूब इस्तेमाल किया जाता है। सीरियल 'छोटी बहू' साल 2008 में टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, इस सीरियल में रुबीना दिलैक ने छोटी बहू उर्फ राधिका का किरदार निभाया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## रक्षामंत्री राजनाथ की मौजूदगी में भड़के एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह

# जब समय पर प्रोजेक्ट पूरा नहीं होता तो वादा क्यों किया जाता है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गुरुवार को भारत की रक्षा खरीद में जवाबदेही और तत्परता की मांग की है। उन्होंने प्रमुख रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि अनुबंध पर साइन करते समय हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी नहीं आएंगे। एयर चीफ मार्शल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। एक भी प्रोजेक्ट कभी समय पर पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब समय पर कोई भी प्रोजेक्ट पूरा ही नहीं होता तो हर बार वायदा क्यों किया जाता है? उन्होंने डिफेंस सिस्टम में देरी होने के कई मामले गिनवाए, खासतौर पर स्वदेशी परियोजनाओं में देरी के मुद्दों का जिक्र किया।

### दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में टाइमलाइन का उठाया मुद्दा

### कहा- युद्ध सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं

### तेजस फाइटर जेट की रुकी हुई है डिलीवरी

एयरफोर्स चीफ ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) कार्यक्रम का हवाला देते हुए कहा कि तेजस एमके-1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है, जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत है। उन्होंने बताया कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान नहीं दिया गया है, जबकि डिलीवरी मार्च 2024 में शुरू होने वाली थी. वायुसेना प्रमुख के मुताबिक देरी ने कई प्रमुख परियोजनाओं को प्रभावित किया है, जिसमें तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान भी शामिल है। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि तेजस एमके2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। स्टील्थ एएमसीए फाइटर का अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

**'ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी नहीं मिला'**



**'सेना और उद्योग के बीच विश्वास की जरूरत'**

एयर चीफ मार्शल की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं कर सकते, हमें डिजाइनिंग के बारे में भी बात करनी चाहिए। हमें सेना और उद्योग के बीच विश्वास की जरूरत है।

**अभी से तैयारी करनी होगी भविष्य के लिए**

*एयरचीफ मार्शल ने कहा कि हमें भविष्य के लिए अभी से तैयारी करनी होगी। 10 साल में हमें उद्योग से अधिक उत्पादन मिलेगा, लेकिन हमें आज जो चाहिए, वह हमें आज चाहिए। हमें जल्दी से जल्दी अपने काम को एक साथ करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि युद्ध सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इस शिखर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे।*

## 'पीओके एक दिन हमारा होकर ही रहेगा : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। पीओके के लोग हमारे अपने ही है। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि हम भारत का हिस्सा है। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा, 'आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को।



'करने को हम कुछ और भी कर सकते थे', लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया।' राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है।

## यूपीए सरकार के सर्जिकल स्ट्राइक की जानकारी नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने गुरुवार को कहा कि उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान की गई किसी भी सर्जिकल स्ट्राइक की जानकारी नहीं है और इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश को आतंकवादियों का समर्थन करना बंद कर देना चाहिए और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत को वापस सौंप देना चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बनने से पहले अठावले की रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का घटक दल थी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए अठावले ने कहा, 'इससे पहले नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान ही एक और सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी।

### अमेरिकी कोर्ट ने लगाई 'लिबरेशन डे' टैरिफ पर रोक

# ट्रंप अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ रहे, इकोनॉमी का हवाला देकर कुछ भी करना गलत

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को एक बार फिर कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कारण, अमेरिका की एक कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 'लिबरेशन डे' टैरिफ पर रोक लगा दी है। मैनहैटन स्थित एक संघीय अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया और ऐसा कदम उठाया जो अमेरिकी संविधान के खिलाफ है। दरअसल, ट्रंप ने उन देशों से आने वाले सामान पर समान रूप से टैक्स लगाने का आदेश दिया था, जो अमेरिका से कम सामान खरीदते हैं और उसे ज्यादा सामान बेचते हैं। इस कदम को 'लिबरेशन डे' टैरिफ कहा गया था। ट्रंप प्रशासन ने अप्रैल में ही तमाम देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। लेकिन इस फैसले को अमेरिका के व्यापारियों ने कोर्ट में चुनौती दी थी।

### कोर्ट ने दिया बड़ा झटका, कहा- टैरिफ संविधान के खिलाफ

### डोनाल्ड ने किया अपने अधिकारों का दुरुपयोग

#### अदालत ने क्या कहा?

याचिका पर सुनवाई करते हुए 'कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड' की तीन जजों की बेंच ने कहा कि अमेरिकी संविधान के अनुसार विदेशी देशों के साथ व्यापार को नियंत्रित करने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। अदालत ने यह भी साफ किया कि यह मामला राष्ट्रपति के आपातकालीन शक्तियों के अंतर्गत नहीं आता। अदालत ने कहा कि ट्रंप ने जो इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) के तहत यह टैरिफ लगाए थे, वह कानून उन्हें ऐसा असीमित अधिकार नहीं देता। जजों ने अपने आदेश में लिखा, 'राष्ट्रपति द्वारा टैरिफ लगाने का यह दावा, जिसकी कोई समय या दायरे की सीमा नहीं है, कानून के तहत दिए गए अधिकार से कहीं आगे बढ़ता है।



**ट्रंप प्रशासन का तर्क खारिज :** ट्रंप प्रशासन ने दलील दी थी कि 1971 में तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भी आपातकाल के तहत टैरिफ लगाए थे और तब कोर्ट ने उसे मंजूरी दी थी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति की आपात स्थिति घोषित करने की वैधता तय करना अदालत का नहीं, बल्कि कांग्रेस का अधिकार है। लेकिन अदालत ने इस तर्क को खारिज कर दिया।यह फैसला दो मामलों पर दिया गया।

#### अब आगे क्या?

ट्रंप प्रशासन इस फैसले को यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट में चुनौती दे सकता है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी संघीय अदालत ने ट्रंप के टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। इससे यह तय होता है कि राष्ट्रपति को बिना कांग्रेस की मंजूरी के अनियंत्रित टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है, चाहे वह किसी भी पार्टी से क्यों न हो।

### इधर, मस्क ने भी छोड़ा ट्रम्प का साथ, कहा- मेरा टाइम पूरा हुआ

इधर, अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क ने भी ट्रम्प प्रशासन छोड़ दिया है। मस्क ने गुरुवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लॉई के तौर पर मेरा समय पूरा हुआ। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को धन्यवाद भी दिया। मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का जिम्मा दिया था। जिसका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था। मस्क के इस्तीफे की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, लेकिन वे उस बिल का विरोध कर रहे थे जिसे ट्रम्प ने बिग ब्यूटीफुल बताया था। मस्क ने कहा था कि डीओजीई का मकसद खर्चों में कटौती करना है और यह बिल उसके खिलाफ है।



## कमल हासन को एक दिन का अल्टीमेटम



**बेंगलुरू।** कन्नड़ भाषा पर बयान देकर सुपरस्टार कमल हासन बुरी तरह फंस गए। अब तो बात उनकी अपकमिंग फिल्म 'ठग लाइफ' के बैन तक आ पहुंची हैं। अगर एक दिन में वो माफी नहीं मागते हैं तो कर्नाटक में उनकी फिल्म रिलीज नहीं होगी। ऐसा फैसला कर्नाटक चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) की मीटिंग के बाद लिया गया है। दरअसल, कमल हासन इन दिनों 'ठग लाइफ' के प्रमोशन में बिजी चल रहे हैं। इसी बीच उन्होंने कहा कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल भाषा से हुआ है। उनके इस बयान के बाद मामला गर्मा गया। उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज हुई।

AXIS BANK

**एक्सिस बैंक लिमि.**
संरचित परिसंपत्ति समूह-पूर्व
1, शेक्सपियर सरणी, चौथी मंजिल,
कोलकाता-700071, फोन-033-66272035

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना,**

जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, सहपठित 2002 के नियम 3 की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने दिनांक 01.01.2019 को मांग नोटिस जारी कर ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त राशि को ब्याज सहित चुकाने का आह्वान किया है।

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार नीचे उल्लिखित राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी और जमानतदार को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो एक्सिस बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को बंधक रखी गई हैं, जिनका भौतिक कब्जा एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 24.06.2025 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित निविदाएं/बोली आमंत्रित करके बेचा जाएगा।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | सुरक्षा का विवरण | सुरक्षित ऋण |
|---|---|---|
| एसबी बाज़ार प्राइवेट लिमिटेड, बी-38, सेक्टर-4, देवेन्द्र नगर, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ और जमानतदार (1) श्री संतोष भंडारी, सी-53, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, पंडरी, रायपुर-492004, छत्तीसगढ़, (2) श्री नितेश भंडारी, सी-53, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, पंडरी, रायपुर-492004, छत्तीसगढ़। | समस्त भूमि एवं भूखण्ड पर निर्मित संरचना, ख. नं. 1211/15, 1212/15, 1213/15, 1214/17, व 1320/15, प.ह.नं.-110/40, मौजा: शंकर नगर, वार्ड क्रमांक 28, रायपुर श्री संतोष भंडारी के नाम पर 20013 वर्ग फीट क्षेत्रफल में फैली हुई है। **चौहद्दी: उत्तर-** हलवानी की भूमि, **दक्षिण-** बनर्जी की भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** भोला एवं राम की भूमि। **भार (यदि कोई हो) -** बैंक को ज्ञात नहीं है। | रुपये **22,60,86,022.38** (बाईस करोड़ साठ लाख छियासी हजार बाईस रूपये और अड़तीस पैसे मात्र) 30.04.2025 तक देय राशि है (इस राशि में 30.04.2025 तक लागू ब्याज शामिल है) साथ ही उस पर अतिरिक्त ब्याज, लागत और अन्य परिणाम, क्षति आदि 01.05.2025 से घटाए गए पुनर्भुगतान यदि कोई हो। **आरक्षित मूल्य (आ.मू.) -** रुपये 2,74,00,000/- (दो करोड़ चौहत्तर लाख रुपये मात्र) **बयाना जमा (ईएमडी) -** रु. 27,40,000/- (सत्ताईस लाख चालीस हजार रुपए मात्र) **नीलामी की तिथि और समय - 24.06.2025** प्रात: 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे के बीच। |

**ई-नीलामी बिक्री की शर्तें और नियम**

1. सुरक्षित परिसंपत्तियों को बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, जो ऑनलाइन ई-नीलामी आयोजित करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता कर रहे हैं।
2. उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियां "जहां है जैसी है", "जो कुछ भी है जैसी है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं" शर्त पर बेची जाएंगी।
3. नीलामी बिक्री/बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" प्रक्रिया के माध्यम से वेबसाइट https://axisbank.auctiontiger.net के माध्यम से 24.06.2025 को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच होगी, जिसमें अंतिम 5 मिनट में बोली लगाए जाने की स्थिति में 5 मिनट का असीमित विस्तार होगा।
4. ईएमडी को प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में तैयार डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है। ईएमडी राशि के साथ बोली आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2025 दोपहर 3:00 बजे है।
5. बोली लगाने वाले का पूरा नाम, पता, संपर्क नंबर और ई-मेल आईडी डिमांड ड्राफ्ट (ईएमडी) के पीछे उल्लिखित होना चाहिए। (केवाईसी दस्तावेज यानी फोटो आईडी प्रूफ, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर) एक सीलबंद लिफाफे में और ईएमडी के साथ एक्सिस बैंक लिमिटेड, स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप-ईस्ट, चतुर्थ तल, एसी मार्केट बिल्डिंग, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-700071 को भेजें।
6. नीलामी ऊपर उल्लिखित आरक्षित मूल्य से नीचे शुरू नहीं होगी। बोलीदाताओं को 10,000/-रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार करने की अनुमति होगी।
7. इच्छुक बोलीदाताओं के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए और उन्हें https://axisbank.auctiontiger.net पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए और मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करना चाहिए, जिसके बाद उन्हें 24.06.2025 को निर्धारित ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
8. इच्छुक बोलीकर्ताओं को मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाईगर) से ई-नीलामी हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकता है। संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा, मोबाइल: 8000023297/9265562821/9265562818, ईमेल आईडी: ramprasad@auction-tiger.net/ support@auctiontiger.net।
9. सबसे अधिक/सफल बोली लगाने वाले के मामले में ईएमडी राशि समायोजित की जाएगी और शेष बोलीदाताओं की ईएमडी राशि बोली आवेदन में उल्लिखित पते पर (बिक्री के अंतिम रूप देने के 2 कार्य दिवसों के भीतर) असफल बोलीदाताओं को वापस कर दी जाएगी या वे एक्सिस बैंक लिमिटेड, एसएजी (पूर्व), चौथी मंजिल, एसी मार्केट बिल्डिंग, 1, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता- 700071 पर जाकर व्यक्तिगत रूप से इसे प्राप्त कर सकते हैं। ईएमडी पर ब्याज नहीं लगेगा।
10. इच्छुक पार्टियां स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप (पूर्व) कार्यालय 033-66272035/9830959995 पर संपर्क करके साइट पर संपत्ति का निरीक्षण कर सकती हैं।
11. उच्चतम/सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उच्चतम बोली स्वीकार किए जाने के अगले कार्य दिवस के भीतर ईएमडी समायोजित करने के बाद बिक्री मूल्य की 25% राशि जमा करनी होगी, अन्यथा बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। उच्चतम बोलीदाता को संपत्ति का खरीदार घोषित किया जाएगा, बशर्ते वह बोली लगाने के लिए कानूनी रूप से योग्य हो। बिक्री मूल्य का शेष 75% सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित रूप में सहमत ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर और पूरी तरह से उसके विवेक पर भुगतान करना होगा।
12. सफल बोलीदाता द्वारा शेष राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर राशि, बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई पूरी जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी जब तक कि सुरक्षित लेनदार (बैंक) द्वारा लिखित रूप में समय को आगे नहीं बढ़ाया जाता है और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। भुगतान प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है।
13. यदि सफल बोलीदाता नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, तो ईएमडी राशि बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त करने के लिए उत्तरदायी होगी।
14. बैंक को बिक्री के तहत संपत्ति के संबंध में सरकार या किसी और को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, अतिक्रमण, संपत्ति कर या किसी अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। बैंक उक्त चल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में बिक्री के लिए पेश की गई सुरक्षित संपत्तियों/चल संपत्तियों के संबंध में कोई अनुमति/लाइसेंस आदि प्राप्त करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
15. एक्सिस बैंक लिमिटेड उच्चतम और/या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित/स्थगित करने और बिना पूर्व सूचना के बिक्री के किसी या सभी नियमों और शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. उच्चतम बोली की स्वीकृति बैंक के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगी। बैंक सरफेसी नियम, 2002 के तहत निर्धारित किसी भी तरीके से संपत्तियों को बेचने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।
17. सफल बोलीदाता को कानून के अनुसार लागू जीएसटी, स्टांप इयूटी पंजीकरण शुल्क, अन्य कर, आकस्मिक खर्च आदि जैसे हस्तांतरण के लिए देय शुल्क/शुल्क/कर यदि कोई हो का भुगतान करना चाहिए। सफल बोलीदाता को सभी वैधानिक बकाया भी वहन करना होगा।
18. बैंक/प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण से, जिसे वह उचित समझे, या बिना कोई कारण बताए भी बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और ऐसे रद्दीकरण पर बोलीदाताओं द्वारा प्रश्न नहीं उठाया जाएगा।
19. निविदा में भाग लेने से पहले परिसंपत्तियों और विशिष्टताओं के बारे में स्वयं का निरीक्षण करना और संतुष्ट होना निविदाकर्ताओं की जिम्मेदारी है।
20. बिक्री प्रमाणपत्र/बिक्री का प्रमाणपत्र पूरी बोली राशि और अन्य शुल्क, यदि कोई हो, जिसमें जीएसटी/टीडीएस भी शामिल है, जहां भी लागू हो, का भुगतान करने के बाद ही वितरित किया जाएगा।
21. विशेष निर्देश और सावधानी: बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम मिनटों/सेकंड में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में विक्रेता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता आदि) के लिए न तो एक्सिस बैंक और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा।
22. बिक्री की विस्तृत शर्तों के साथ बिक्री सूचना एक्सिस बैंक लिमिटेड की वेबसाइट www.axis-bank.com/auction-notices लिंक पर उपलब्ध है।

दिनांक: 30.05.2025
स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# 'टैरिफ चर्चा का हिस्सा ही नहीं था' ट्रंप का दावा विदेश मंत्रालय ने किया खारिज

### भारत-पाक सीजफायर मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को कहा कि इस महीने पाकिस्तान के साथ हुए युद्धविराम के लिए अमेरिका से हुई बातचीत में टैरिफ का मुद्दा चर्चा का हिस्सा नहीं था। विदेश मंत्रालय की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे वक्त में सामने आई है जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका की एक संघीय अदालत को बताया कि टैरिफ की धमकी ने अमेरिका को भारत और पाकिस्तान के बीच तीन दिनों की लड़ाई के बाद संघर्षविराम कराने में मदद की। ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय के



प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस विशेष मुद्दे पर भारत का विरोध साफ है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को समाप्त होने तक भारत और अमेरिका के बीच बातचीत होती रही। चर्चा के दौरान टैरिफ का मुद्दा कभी नहीं उठा।'

### आतंकी सौंपे और पीओके खाली करे पाकिस्तान

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर चले संघर्ष के दौरान भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते हैं। जायसवाल ने कहा, 'जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। सिर्फ दो पक्षों के ही बीच बातचीत होगी। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्हें भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा, जिनके रिकॉर्ड और सूची हमने कुछ साल पहले उन्हें सौंपी थी। 'जम्मू-कश्मीर पर बातचीत तभी होगी जब पीओके खाली हो जाएगा और पाकिस्तान हमें वह इलाका सौंप देगा।



**कश्मीर के शोपियां में सेना को बड़ी कामयाबी**

## लश्करे तैयबा के 2 हाइब्रिड आतंकियों ने किया सरेंडर

**श्रीनगर।** भारतीय सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर 44), जम्मू -कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की 178 बटालियन ने एक ज्वाइंट ऑपरेशन में शोपियां के बसकुचन इमामसाहिब क्षेत्र से दो लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाइब्रिड आतंकियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन के दौरान आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, विशेष सूचना के आधार पर शोपियां के विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी), 44आरआर और 178 बटालियन सीआरपीएफ ने बसकुचन में एक घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और पास के एक बाग में आतंकियों की मौजूदगी देखी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत कार्रवाई की तो दो हाइब्रिड आतंकी इरफान बशीर और उजैर सलाम ने सरेंडर कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमरनाथ यात्रा के रूट पर जबरदस्त किलेबंदी

**पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में मोदी सरकार का पहला टेस्ट**

# पैरामिलिट्री फोर्स की 581 कंपनियां रहेंगी तैनात

### 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी इस साल तीर्थयात्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार कोई भी कोताही बरतने के मूड में नहीं है। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर सरकार के मुख्य सचिव और डीजीपी को यात्रा की पूरी सिक्योरिटी के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की 581 कंपनियां तैनात करने का निर्देश दिया है। यह यात्रा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कुछ वक्त बाद हो रही है। जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। 9 अगस्त तक चलने वाली यात्रा को शांतिपूर्ण और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न कराना सरकार और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा बलों की पहली प्राथमिकता बनी हुई है। पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा समीक्षा के लिए राजभवन में एक अहम मीटिंग की अध्यक्षता की थी।



#### गृह मंत्रालय ने जारी किया था पत्र

गृह मंत्रालय ने 23 मई को एक पत्र जारी किया था। इसमें जम्मू-कश्मीर सरकार के मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रधान सचिव और डीजीपी को बताया कि उन्हें सीएपीएफ की 156 कंपनियों का इस्तेमाल करने की इजाजत है। इतना ही नहीं सीआरपीएफ की 91 कंपनियां, एसएसबी की 30 कंपनियां, सीआईएसएफ की 15 कंपनियां, बीएसएफ की 13 कंपनियां और आईटीबीपी की सात कंपनियां भी तैनात रहेंगी।'

#### एक सीएपीएफ कंपनी में तैनात होते हैं लगभग 70-80 कर्मी

गृह मंत्रालय ने अपने एक मैसेज में कहा, 'अमरनाथ यात्रा-2025 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए वे पहले से ही जम्मू-कश्मीर में शॉर्ट टर्म बेसिस पर मौजूद हैं।' एक सीएपीएफ कंपनी में लगभग 75-80 कर्मी शामिल होते हैं। गृह मंत्रालय ने आगे बताया कि 425 सीएपीएफ कंपनियां सिक्योरिटी के लिए 10 जून तक जम्मू-कश्मीर सरकार को उपलब्ध हो जाएंगी। गृह मंत्रालय ने कहा, 'सीएपीएफ की सभी 581 कंपनियां अमरनाथ यात्रा-2025 के पूरा होने तक तैनात रहेंगी और यात्रा पूरी होने के बाद सीएपीएफ की इन 581 कंपनियों को तुरंत हटा दिया जाएगा।' जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे इन कंपनियों का इस्तेमाल अमरनाथ यात्रा से जुड़ी गुफा मंदिर, रास्तों, एरिया डोमिनेशन और अन्य सिक्योरिटी में किया जाएगा। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस साल तीर्थयात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी और श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

कांग्रेस नेताओं ने की थी आलोचना

## आलोचना पर भड़के थरूर, कहा- मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ



**नई दिल्ली।** अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचनाओं में घिरे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पलटवार किया है और उन्होंने आलोचना करने वाले नेताओं को अति-उत्साही बता दिया है। शशि थरूर का यह बयान कांग्रेस नेता उदित राज के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उदित राज ने शशि थरूर के विदेश में दिए गए एक बयान पर आपत्ति जताई थी और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया था। शशि थरूर इन दिनों विदेश दौरों पर गए भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं।

### उदित राज ने उठाए सवाल

थरूर की इस टिप्पणी पर उनकी ही पार्टी के नेता उदित राज ने कहा कि 'कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो शशि थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया? वे (केंद्र सरकार) भारतीय सशस्त्र बलों का श्रेय ले रहे हैं। शशि थरूर भाजपा के प्रचार विभाग के प्रवक्ता बने हुए हैं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया को बताई पाकिस्तान की करतूत

# इंडोनेशिया ने भारत को दिलाया भरोसा, कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देंगे पूरा साथ

*जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया दौरे पर है। संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इंडोनेशिया के विचारकों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की।*

**इंडोनेशिया ने कहा पूरी दुनिया से आतंक खत्म होना जरूरी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने बातचीत में कहा कि हमने आसियान के महासचिव से मुलाकात की। हम यहां के उप विदेश मंत्री और स्थानीय थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से भी मिले। हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंडोनेशिया एक बहुसांस्कृतिक समाज है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, लेकिन भारत के रुख को लेकर यहां बहुत सम्मान है। हाल में भारत पर हुए हमले की यहां के राष्ट्रपति ने निंदा की थी। हमने इस घटना और 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में यहां अपना पक्ष स्पष्ट रूप से रखा है। भाजपा सांसद बृजलाल ने बातचीत में कहा, इंडोनेशिया में बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमने यहां नेताओं से बात की, फिर कल शाम हमने आसियान राजदूतों से बातचीत की और गुरुवार को हमने थिंक टैंक से मुलाकात की। हमने उनके साथ भारत की स्थिति साझा की। हमने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है। हम अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखते हैं। हालांकि, हमारे पड़ोसी की मानसिकता सही नहीं है। समय-समय पर वह आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहता है, जो हमारे विकास में बाधा डालता है। हमने इसे यहां स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

- इंडोनेशिया बहुसांस्कृतिक समाज का देश है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं
- भारत के रुख को लेकर इंडोनेशिया बहुत सम्मान देता है




### इंडोनेशिया ने भारत को दिया समर्थन

*कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने बताया, मुझे खुशी इस बात से है कि इंडोनेशिया की समझ और सोच बहुत ही सकारात्मक है। इंडोनेशिया का अनुभव और यहां की जनसंख्या की स्थिति भारत से काफी मिलती-जुलती है। हमें यहां आकर काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इंडोनेशिया भी आतंकवाद को लेकर चिंतित है और वह भी इसका सामना कर चुके हैं, इसलिए हमारी चिंताएं और परेशानियां उन्हें अच्छी तरह समझ आती हैं। उन्होंने आतंकवादी हमले की निंदा की और भारत को अपना समर्थन भी दिया है।*

### आतंकवाद पर पाकिस्तान का विरोध

भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि इंडोनेशिया में बहुत अच्छा अनुभव रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने यहां के राजनेताओं से मुलाकात की और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सभी लोग आतंकवाद के खिलाफ हैं। सभी ने आतंकवाद के उन्मूलन की इच्छा जाहिर की। सभी का मानना है कि भारत एक शांतिप्रिय देश है और आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता। भारत लगातार अपने विकास पर केंद्रित है।

### पाक ने आतंकियों के खिलाफ कुछ नहीं किया


*जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में कहा, 'पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में संकट का सामना कर रहा है, जबकि भारत तेजी से विकास कर रहा है। हम चाहते हैं कि आप सही के लिए खड़े हों और इस मुद्दे को महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मंचों पर उठाएं।*

# भारत ने कर दिया ब्रह्मोस से पलटवार, शहबाज ने अजरबैजान में उगला 'सच'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद पड़ोसी देश को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ विदेशी दौरे पर हैं। शहबाज ने अजरबैजान के लाचिन शहर में अपने भाषण के दौरान शरीफ ने न सिर्फ भारत के खिलाफ टिप्पणी की, बल्कि अनजाने में यह भी मान लिया कि पाकिस्तान की सेना भारत पर हमला करने की योजना बना रही थी, लेकिन उससे पहले ही भारतीय सेना की कार्रवाई ने उन्हें चौंका दिया। शरीफ ने माना कि भारत ने रावलपिंडी समेत पाकिस्तान के कई वायुसेना अड्डों को ब्रह्मोस मिसाइलों से निशाना बनाया। यह हमला उस समय हुआ जब पाकिस्तान की तैयारी पूरी नहीं हो पाई थी, जिससे उनकी रणनीति विफल हो गई।' इस घटनाक्रम के दौरान शरीफ ने भारत पर 'आक्रामक रुख' अपनाने का आरोप भी लगाया और कहा कि पाकिस्तान को अपने देश की रक्षा के लिए जवाब देना पड़ा।

### असीम मुनीर की खुली पोल



### इंडियन आर्मी ने चौंका दिया

अजरबैजान में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, '9 मई की रात हमने भारत को जवाब देने का फैसला लिया था। 10 मई की सुबह करीब 4:30 बजे फज्र की नमाज के बाद भारत पर हमले की योजना तैयार की गई थी, जिसे सेना प्रमुख असीम मुनीर के नेतृत्व में अंजाम दिया जाना था। हालांकि, इससे पहले ही भारत ने पाकिस्तान पर हमला कर दिया।'

### भारत से बातचीत के लिए फिर गिड़गिड़ाए शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को दोहराया कि वे भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को बैठकर कश्मीर, जल संकट और आतंकवाद जैसे मुद्दों का समाधान निकालना चाहिए। यह बात उन्होंने अजरबैजान के लाचिन में आयोजित पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में कही। शहबाज शरीफ ने इस सप्ताह यह दूसरी बार कहा है कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता होनी चाहिए। इससे पहले सोमवार को तेहरान में दिए गए बयान में उन्होंने कहा था कि सभी विवादों को सुलझाने के लिए वे भारत के साथ बात करने के लिए तैयार हैं।

जगन्नाथपुरी में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किया ऐलान

# खरीफ सीजन से पहले किसानों के घर जाएंगे वैज्ञानिक और बताएंगे सही खेती करने का तरीका

एजेंसी ▶▶ जगन्नाथपुरी

अब किसानों को सही खेती करने की तरीका सिखाने घर-घर साइंटिस्ट जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि गुरुवार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ



हो रहा है, जो 12 जून तक चलेगा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उड़ीसा के जगन्नाथपुरी से इस अभियान की शुरुआत की। चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत देश के अलग-अलग राज्यों में कार्यक्रम करेंगे।

### किसानों को मिलेंगे कई लाभ

आगे उन्होंने कहा कि देश में अन्न के भंडार भरे रहें, किसानों की आय बढ़े। इसके लिए हम गांव-गांव निकल रहे हैं। हमारे साइंटिस्ट अब लैब में नहीं बैठेंगे, बल्कि जमीन तक पहुंचेंगे और किसानों को खेती करने का सही तरीका सिखाएंगे, जिससे उनकी आय बढ़ेगी।

# बीआरएस में तेज हुई लड़ाई आमने-सामने आए भाई-बहन

### कविता का केटीआर पर सीधा हमला

**हैदराबाद।** तेलंगाना में लगातार दो कार्यकाल तक सरकार चलाने वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बुरे दिन खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के परिवार में ही टूट-फूट होती दिख रही है। केसीआर की बेटी के. कविता ने अपने भाई और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) पर गुरुवार को हमला बोल दिया।

**लीक हो गया था पत्र :** याद दिलाना होगा कि हाल ही में के. कविता का केसीआर को लिखा हुआ एक पत्र लीक हो गया था। इस पत्र में उन्होंने अपने पिता की इस बात के लिए आलोचना की थी कि वह राज्य में बीजेपी का



मुकाबला नहीं कर रहे हैं। 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी जबकि बीजेपी और बीआरएस राज्य में विपक्षी दल हैं।

## सुरजेवाला का केंद्र पर जोरदार प्रहार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव, कर्नाटक प्रभारी और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। खासकर किसानों की समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), और सरकार की नीतियों के खिलाफ। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों को लागत प्लस 50 फीसदी मुनाफा देने के वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं की जा रही, जिसके कारण किसान परेशान हैं और आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के जुमले तो सुनाती है, लेकिन जमीनी हकीकत में किसानों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है।




**कार्यालय, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, कबीरधाम (छ.ग.)**
Email-dplckawardha@gmail.com

क्रमांक/90/ DPLC/EOI/2025 कबीरधाम दिनांक 28/05/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कबीरधाम (महराजपुर) में कौशल विकास प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु "रूचि की अभिव्यक्ति" दिनांक 24/06/2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेबसाइट www.kawardha.gov.in अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

सहायक परियोजना अधिकारी,
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कबीरधाम (छ.ग.)

S-44010/1



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**इश्तिहार का प्रकाशन**

सरकार
बनाम

01. बिनिता करकेट्टा, पति–अनन्द करकेट्टा, साकिन–करेया कुड़पानी, थाना–टी0टाँगर, जिला–सिमडेगा।

ए0एच0टी0यू0 थाना कांड सं0– 02/24, दिनांक– 19.09.2024,
धारा– 363/370(4) भा0द0वि0 एवं 75/81 जे0जे0 एक्ट।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप के विरूद्ध दिनांक–22.05.2025 को इश्तिहार माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा जारी किया गया है।

अतः आप से इस प्रकाशन के जरिए आग्रह किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर उपस्थित होकर माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा के पास अपना पक्ष रखें। इसे ताकिद जानें।

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 353773 Simdega (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/02/2024-25(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चाईबासा जिला के मनोहरपुर एवं आनन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मनोहरपुर एवं आनन्दपुर प्रखण्ड को जोड़ने वाली ग्राम ढीपा एवं ग्राम कुड़ना के बीच कोयल नदी पर पुल निर्माण। | 125327200.00 | 2507000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 04.06.2025 से दिनांक 13.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709623131 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति/दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति /दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
12. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

PR 353828 (West Singhbhum) 25-26 (D)



**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works: NIT No. 16/AMC-EL-VS/EE(E)/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 28.05.2025

**Name of Work:** "Annual Maintenance Contract for Various Electrical Installations at Various Locations of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. - Raipur (C.G.)" (2nd Call)

Estimated cost:- **INR 40.00 Lakh/year, EMD: INR 80,000/-,** Period of Completion: 36 Months

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 12.06.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**Chief Engineer,**
**NRANVP**

S-44007/1



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**Zone-03**
**Email:- rmczone3@gmail.com**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

NIT NO: 08/ZONE-3/2025-26 RAIPUR DATED: 28.05.2025

Online bids are Invited for the following works up to 18.06.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 168919 | गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक-48 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 27.28 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 28.05.2025, 17.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE: -**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 through or Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-03**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**अधीक्षण अभियंता, इंद्रावती परियोजना मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.06.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | नि.सू.क्र. एवं तिथि | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 168961 | 04/व.ले.लि. /2025-26, दि. 29.05.2025 | दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम में नवीनीकरण कार्य बालपेट उद्वहन सिंचाई योजना का नवीनीकरण कार्य (कलेक्टर सेक्टर अन्तर्गत) | रू. 114.75 लाख |
| 2 | 168962 | 05/व.ले.लि. / 2025-26, दि. 29.05.2025 | दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड दन्तेवाड़ा में भोगाम उद्वहन सिंचाई योजना का नवीनीकरण कार्य (कलेक्टर सेक्टर अन्तर्गत) | रू. 124.29 लाख |
| 3 | 168963 | 06/व.ले.लि. / 2025-26, दि. 29.05.2025 | दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम में बींजाम उद्वहन सिंचाई योजना का नवीनीकरण कार्य (कलेक्टर सेक्टर अन्तर्गत) | रू. 149.73 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.06.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, दंतेवाड़ा
कृते अधीक्षण अभियंता
इंद्रावती परियोजना मंडल, जगदलपुर

G-252601225/1



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY (JUIDCO) LIMITED**
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail Id - pdt.juidco@gmail.com , juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
NIT No.: JUIDCO/NIT/GIS Survey & Mapping/656Date: 28.05.2025

**Notice Inviting Tender National Competitive Bidding**
**Tender Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | **Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of Properties for Ranchi, Dhanbad & Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand** |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) – To be submitted online | Cost of Tender Document: 25,000/- *(Rupees Twenty-Five Thousand) only (Non-refundable)* Earnest Money Deposit (EMD) – Rs. 10,00,000/- *(Rs. Ten lakh) only* |
| 4. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 30.05.2025 17:00 Hrs |
| 5. | Date and Time of Pre-Bid Meeting | 06.06.2025 at 12:30 Hrs |
| 6. | Venue of Pre-Bid Meeting | 2nd Floor, JUIDCO Bhawan, Near Kutchery Chowk, Ranchi |
| 7. | Last Date & Time of submission of Bid, Tender Fee and EMD online | 20.06.2025 17:00 Hrs |
| 8. | Date & Time of Bid Opening | 21.06.2025 17:00 Hrs |
| 9. | Address of Bid Inviting Authority | JUIDCO Bhawan, Near Kutchery Chowk, Ranchi |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 222 5878 |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Technical)**

PR 353778 Urban Development and Housing(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)**

e- Tender Reference No. - RCD/DEOGHAR/843/2025-26 (1st Call)
दिनांक – 29.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, देवघर अन्तर्गत "मधुपुर–बेंगाबाद–गिरिडीह बाईपास पथ (कुल लंबाई–2.30 कि०मी०) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (**Improvement of Riding Quality**) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये **1,55,21,576/-** (एक करोड़ पचपन लाख ईक्कीस हजार पाँच सौ छिहत्तर रुपये मात्र)। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.06.2025 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 02.06.2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर। |
| 7 | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-299919** |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2401010 |

**नोट – निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।**
अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, देवघर

PR 353814 Road(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची–05/2025–26
दिनांक :–28.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मेन रोड रतन टॉकिज से न्यूकलियस मॉल भाया करबला चौक पथ (कुल लम्बाई–2.10 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2 | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 179.99968 लाख (रूपये एक करोड़ उनासी लाख निन्यानबे हजार नौ सौ अड़सठ रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 3.60 लाख (रूपये तीन लाख साठ हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.05.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 19.06.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 20.06.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे ***Tender Online Upload*** में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए ***UCAN*** निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची

PR 353795 (Road Construction Dept Road Division Ranchi)25-26*D

## खबर संक्षेप

### स्कोडा ट्यूब्स को दूसरे दिन 8.11 गुना अभिदान मिला




**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बृहस्पतिवार को बोली के दूसरे दिन 8.11 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, निवेशकों ने 1,18,46,169 शेयरों की पेशकश पर 9,60,85,200 शेयरों के लिए बोली लगाई।

### सोना 500 रुपए टूटा, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।
99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

### आरबीआई ने जारी की वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट

# रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार 33 फीसदी बढ़कर हुआ 76.25 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*विदेशी मुद्रा लेनदेन में करीब 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके दम पर ही केंद्रीय बैंक ने सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है।*

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसमें कहा गया कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई।

- विदेशी मुद्रा लेनदेन में करीब 33 फीसदी की वृद्धि
- केंद्रीय बैंक ने सरकार को दिया 2.7 लाख करोड़ रुपए का लाभांश
- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था




#### मुद्रास्फीति चार फीसदी पर रहने का भरोसा

वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि अब 12 महीने की अवधि में कुल मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप बने रहने को लेकर " अधिक भरोसा " है। इसमें सुझाव दिया गया कि ब्याज दर जोखिम की गतिशील प्रकृति को ध्यान में रखते हुए बैंकों को व्यापार और बैंकिंग दोनों प्रकार के बही जोखिमों से निपटने की आवश्यकता है, खासकर शुद्ध ब्याज 'मार्जिन' में कमी के मद्देनजर।

#### 2000 के 98 फीसदी से अधिक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस

कम मूल्यवर्ग के बैंक नोट (10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये) की चलन वाले कुल बैंक नोट में हिस्सेदारी 31.7 प्रतिशत रही। मई, 2023 में 2000 रुपये के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की शुरुआत की गई थी, जो गत वित्त वर्ष में भी जारी रही। घोषणा के समय चलन में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये में से 98.2 प्रतिशत 31 मार्च, 2025 तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए।

#### 500 रुपए के नोट की हिस्सेदारी 86 फीसदी

रिपोर्ट के मुताबिक, " 2024-25 के दौरान 500 रुपये के बैंक नोट की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही, जो मूल्य के हिसाब से मामूली रूप से घटी है। इसमें कहा गया है कि मात्रा की दृष्टि से प्रचलन में मौजूद कुल बैंक नोट में 500 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40.9 प्रतिशत रही। इसके बाद 10 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी 16.4 प्रतिशत रही।

#### ई-रूपी का मूल्य 334 प्रतिशत बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 में चलन में मौजूद ई-रुपी का मूल्य 334 प्रतिशत बढ़ा। चलन में मौजूद मुद्रा में बैंक नोट, केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) और सिक्के शामिल हैं। वर्तमान में दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये, 100 रुपये, 200 रुपये, 500 रुपये के मूल्यवर्ग के नोट चलन में हैं।

#### छह मूल्य वर्ग के सिक्के चलन में

सिक्कों की बात करें तो 50 पैसे और एक रुपये, दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के चलन में मौजूद हैं। जाली नोटों के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में जब्त किए गए कुल जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) में से 4.7 प्रतिशत रिजर्व बैंक में पकड़े गए।

# स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए ट्राई से मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- दूरसंचार विभाग ने आठ मौजूदा बैंड के मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी करने जा रहा

दूरसंचार विभाग ने 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज और 2,300 मेगाहर्ट्ज सहित आठ मौजूदा बैंड में मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य, ब्लॉक आकार, मात्रा एवं अन्य तौर-तरीकों पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) से सुझाव मांगे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इनके अलावा 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 2,6 गीगाहर्ट्ज बैंड के बारे में दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार नियामक ट्राई से सुझाव मांगे हैं। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार नियामक से 600 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए भी सुझाव देने को कहा है। ट्राई को हाल ही में पहचाने गए 6,425-6,725 मेगाहर्ट्ज और 7,025-7,125 मेगाहर्ट्ज बैंड के लिए नीलामी की संभावना पर विचार करने को भी कहा गया है ताकि नीलामी के समय, बैंड योजना, आरक्षित मूल्य एवं नियम व शर्तों को लेकर सुझाव दिए जा सकें। इससे पहले 2024 में आयोजित नीलामी में, सुनील भारती मित्तल की एयरटेल मोबाइल फोन वॉइस एवं डेटा सिग्नल को संचारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी।

#### शुरुआती कीमत 96,238 करोड़ रुपए थी

वर्ष 2024 की नीलामी में कुल 141.4 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगें 11,340.78 करोड़ रुपये में बेची गई थीं। सरकार ने 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच कुल 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की थी, जिसकी कीमत आधार या नीलामी की शुरुआती कीमत पर 96,238 करोड़ रुपये थी।

## बिजनेस साइट

### उमंग होंडा का भव्य उद्घाटन, कुम्हारी में टू-व्हीलर ग्राहकों को मिली नई सौगात



**रायपुर।** कुम्हारी के दोपहिया वाहन ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत हुई है। उमंग होंडा एवं होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में कुम्हारी स्थित नए 3एस शोरूम (सेल्स, सर्विस व स्पेयर्स) का भव्य उद्घाटन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रतीक प्रणव एवं अरिजीत भट्टाचार्य थे, जिन्होंने शोरूम का रिबन काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जयदीप भारद्वाज और आलोक कुमार थे। आन होंडा के डीलर प्रशांत केशरवानी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इस खास मौके पर 12 नए दोपहिया वाहनों की डिलीवरी की गई, जिससे ग्राहकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शोरूम की सेल्स व सर्विस शाखाओं का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित पुराने व नए ग्राहकों ने आयोजन को सफल बनाया। नए शोरूम में आधुनिक तकनीकी मशीनों से युक्त सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन के उपलक्ष्य में आकर्षक उपहार और विशेष ऑफर्स की भी घोषणा की गई है। साथ ही सर्विस पर विशेष छूट भी ग्राहकों को दी जा रही है। उमंग होंडा, अपेक्स हॉस्पिटल के पास, कुम्हारी में स्थित है और यह क्षेत्र के ग्राहकों के लिए एक भरोसेमंद और आधुनिक टू-व्हीलर सेवा केंद्र के रूप में उभरा है।

### सुमीत बाजार में कुर्ती मेले की धूम मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



**रायपुर।** गर्मी और शादी सीज़न के बीच सुमीत बाज़ार ने एक बार फिर महिलाओं के लिए फैशन का पिटारा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ के सभी 40 स्टोर्स पर 'कुर्ती मेला' एग्जिबिशन चल रहा है है, जो 1 जून तक रहेगा। पहले ही दिन से ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। स्टोर्स में सुबह से ही भीड़ उमड़ रही है, खासकर महिलाओं और युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुमीत बाज़ार के संचालक पीयूष कांकरिया ने बताया कि हम हर बार कुछ नया लाने की कोशिश करते हैं। इस बार जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई, सूरत, कोलकाता और दिल्ली जैसे शहरों से खासतौर पर लेटेस्ट कलेक्शंस मंगवाए गए हैं। कलेक्शन में केजुअल कुर्ती, कॉटन जयपुरी प्रिंट कुर्ती, फ्रॉक कुर्ती सेट, को-ऑर्ड सेट, फैंसी कुर्ती-पैंट सेट, कुर्ती-प्लाज़ो सेट, इंडो-वेस्टर्न कुर्ती और शॉर्ट टॉप कुर्ती जैसी वैरायटीज मौजूद हैं। ये सभी आइटम्स होलसेल रेट पर उपलब्ध हैं, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। मेले में विशेष रूप से स्पेशल समर कलेक्शन और वेडिंग कलेक्शन को प्रमुखता दी गई है। विभिन्न प्रकार के पार्टी वियर कुर्तियां सुमीत बाजार में उपलब्ध है। ग्राहकों को एक ही छत के नीचे हर जरूरत की चीजें मिल रही है। इसके अलावा सुमीत बाजार में स्कूल सीज़न को देखते हुए बच्चों के लिए स्कूल बैग, छाता, रेनकोट, टिफ़िन बॉक्स और वॉटर बॉटल जैसी आवश्यक वस्तुएं भी पर उपलब्ध हैं। यह कुर्ती मेला छत्तीसगढ़ के सभी 40 सुमीत बाज़ार स्टोर्स में आयोजित किया गया है। रायपुर में यह आयोजन विशेष रूप से बैजनाथपारा, पंडरी, लाखेनगर, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर और कटोरा तालाब स्थित स्टोर्स में चल रहा है।


### 3 वर्षीय मासूम की दुर्लभ लिवर ट्यूमर सर्जरी आईएलएस हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक संपन्न



**रायपुर।** आईएलएस हॉस्पिटल, रायपुर में चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मात्र 3 वर्षीय मास्टर रुधिर की जटिल लिवर ट्यूमर (हिपैटोब्लास्टोमा) की सफल सर्जरी कर उसे एक नया जीवनदान दिया है। यह ट्यूमर अत्यंत दुर्लभ है और बच्चों में 10 लाख में से केवल एक को प्रभावित करता है। जांच के अनुसार, ट्यूमर ने रुधिर के लिवर के दाहिने हिस्से को पूरी तरह जकड़ लिया था। इसके बाद अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और लीवर सर्जन की टीम ने संयुक्त रूप से सर्जरी का निर्णय लिया। यह जटिल ऑपरेशन डॉ. अजित मिश्रा (मुख्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और लीवर सर्जन) के नेतृत्व में किया गया, जिसमें लिवर के ट्यूमरयुक्त हिस्से को पूर्णतः निकाल दिया गया। सर्जरी के चार दिन बाद ही मास्टर रुधिर पूरी तरह स्वस्थ होकर बिना किसी जटिलता के अस्पताल से छुट्टी पा गए, जो इस उपलब्धि की सफलता को दर्शाता है। इस सफल सर्जरी में डॉ. राकेश सिंह (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिनव और डॉ. सोनल (एनेस्थीसिया व क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ) समेत अनुभवी नर्सिंग स्टाफ ने भी अहम भूमिका निभाई।

# जवाबी शुल्क पर अमेरिकी अदालत की रोक के बाद शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- सेंसेक्स 321 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी 81 अंक की तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी रही। अमेरिका में एक अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के 'जवाबी शुल्क' के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक बाजारों में उछाल आया। इससे स्थानीय शेयर बाजार भी चढ़ गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.57 अंक चढ़कर 81,816.89 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़कर 24,833.60 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी अदालत ने ट्रंप की 'जवाबी' शुल्क नीति पर रोक लगाई, जिसके बाद वैश्विक धारणा में सुधार हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से घरेलू बाजार दिन में ज्यादातर समय तक एक दायरे में कारोबार करता रहा।" एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे।

### लिम्का 2024 में बना 2,800 करोड़ रुपए का ब्रांड

**नई दिल्ली।** नींबू के स्वाद वाले शीतलपेय ब्रांड लिम्का ने वर्ष 2024 में 2,800 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार कर लिया, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। कोका-कोला इंडिया ने कहा कि पांच दशक पुराने ब्रांड लिम्का ने 2024 के दौरान दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे प्रमुख राज्यों में मजबूत दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की। वर्ष 1971 में अपनी स्थापना के बाद से ही लिम्का की मांग शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में बढ़ती रही है। फिलहाल कोका-कोला के भारतीय उत्पादों में थम्स अप, स्प्राइट और माजा के रूप में तीन ऐसे ब्रांड हैं जो एक अरब डॉलर से अधिक के हैं। कोका-कोला ने 1993 में माजा, थम्स अप और लिम्का का अधिग्रहण किया था। को का - कोला के भारत एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के उपाध्यक्ष (फ्रेंचाइज़ परिचालन) विनय नायर ने कहा कि लिम्का की कहानी जुझारूपन, दोबारा नवाचार और उत्कृष्टता की खोज की है।

# जमाखोरी रोकने सरकार ने गेहूं की स्टॉक सीमा बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखला के विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की समयसीमा का अगले साल मार्च तक के लिए विस्तार किया है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 27 मई को जारी किए गए निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों (संशोधन) आदेश, 2025 के तहत लाइसेंस आवश्यकताओं, स्टॉक सीमा और परिवहन प्रतिबंधों को हटाने का निर्देश 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगा। फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.75 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन के बावजूद गेहूं पर स्टॉक रखने की सीमा बढ़ाई गई है। नए नियमों के तहत, व्यापारी और थोक व्यापारी 3,000 टन गेहूं तक का स्टॉक कर सकते हैं, जबकि खुदरा विक्रेता प्रत्येक खुदरा बिक्री केन्द्र के लिए 10 टन तक का स्टॉक रख सकते हैं। बड़ी श्रृंखला खुदरा विक्रेताओं को प्रत्येक खुदरा बिक्री केन्द्र पर 10 टन तक का स्टॉक रखने की छूट होगी। प्रसंस्करणकर्ताओं (प्रोसेसर) को अपनी मासिक स्थापित क्षमता का 70 प्रतिशत स्टॉक करने की अनुमति है।

सभी इकाइयों को हर शुक्रवार को गेहूं स्टॉक पोर्टल पर अपनी स्टॉक की स्थिति की घोषणा करनी होगी और उसे अद्यतन करना होगा। पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाए गए या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करने वाली इकाइयों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। निर्धारित सीमा से ऊपर का स्टॉक रखने वालों को अधिसूचना के 15 दिन के भीतर उन्हें अनुमेय स्तर के भीतर लाना होगा।

#### गेहूं की कमी को रोकने बारीकी से निगरानी

केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी कृत्रिम गेहूं की कमी को रोकने के लिए प्रवर्तन की बारीकी से निगरानी करेंगे। केंद्र ने 27 मई, 2025 तक एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से 298.17 लाख टन गेहूं की खरीद की है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खुला बाजार बिक्री योजना और अन्य बाजार हस्तक्षेप कार्यक्रमों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही में 0.2% की गिरावट

- तीन साल में पहली बार जीडीपी में गिरावट दर्ज

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जनवरी-मार्च की पहली तिमाही में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। तीन साल में पहली बार अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आई है।

सरकार ने बृहस्पतिवार को दूसरा अनुमान जारी किया, जो उसके पिछले अनुमान से कुछ बेहतर है। पहली तिमाही की वृद्धि में गिरावट आयात में भारी वृद्धि के कारण आई, क्योंकि अमेरिका में कंपनियों के बीच राष्ट्रपति द्वारा भारी आयात शुल्क लगाने से पहले विदेशी सामान लाने में जल्दबाजी दिखी। जनवरी-मार्च में सकल घरेलू उत्पाद (देश में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन) में आई गिरावट ने 2024 की चौथी तिमाही में हुई 2.4 प्रतिशत की वृद्धि को उलट दिया। आयात 42.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो 2020 की तीसरी तिमाही के बाद सबसे तेज गति है।

इसने जीडीपी वृद्धि में पांच प्रतिशत से अधिक की कमी की।

उपभोक्ता खर्च में भी तेज गिरावट आई। व्यापार घाटे से जीडीपी कम होता है। लेकिन यह मुख्य रूप से गणित का मामला है। जीडीपी में केवल वही गिना जाना चाहिए जो घरेलू स्तर पर उत्पादित होता है। इसलिए घरेलू उत्पादन को कृत्रिम रूप से बढ़ने से रोकने के लिए आयात घटाना पड़ता है। इसे सरकार जीडीपी रिपोर्ट में उपभोक्ता खर्च के रूप में गिनती है। पहली तिमाही में आयात में आई तेजी संभवतः अप्रैल-जून तिमाही में नहीं दोहराई जाएगी और इसलिए, जीडीपी पर इसका भार नहीं पड़ना चाहिए।

### हिताची इंडिया के एमडी के रूप में वेणु की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** हिताची इंडिया ने एन वेणु को दो जून, 2025 से अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। हिताची के पहले भारतीय प्रबंध निदेशक भरत कौशल को एक अप्रैल, 2025 से कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पदोन्नत करने के बाद वेणु की नियुक्ति की गई है। वेणु हिताची एनर्जी इंडिया के सीईओ और हिताची एनर्जी में दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रमुख की अपनी मौजूदा भूमिकाओं के साथ हिताची इंडिया के प्रबंध निदेशक का दायित्व भी संभालेंगे। हिताची इंडिया के प्रबंध निदेशक के रूप में वेणु हिताची समूह की नई प्रबंधन योजना 'इंस्पायर-2027' के अनुरूप भारत में हिताची की विरासत का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### सुजलॉन का शुद्ध लाभ पांच गुना होकर 1,181 करोड़




**नई दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में पांच गुना से अधिक होकर 1,181 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी ने 254 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सुजलॉन एनर्जी की कुल आय मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 3,825.19 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,207.43 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 2,072 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 660 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में कुल आय बढ़कर 10,993.13 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 6,567.51 करोड़ रुपये थी।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने कर्मियों का लाभ बढ़ाने कहा

# भारतीय कंपनियां लाभ के अनुरूप कर्मचारियों का बढ़ाएं वेतन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- भारतीय कंपनियां पूंजीगत व्यय को बढ़ाएं

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारतीय कंपनियों से अपना पूंजीगत व्यय बढ़ाने और लाभप्रदता वृद्धि के अनुरूप कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने को कहा। नागेश्वरन ने 'निवेश के पुण्य चक्र' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़े हुए निवेश से न केवल क्षमता बढ़ेगी बल्कि अधिक वेतन वाली अधिक नौकरियां पैदा होंगी जिसका नतीजा बढ़ी हुई घरेलू बचत के रूप में निकलेगा।

#### आत्मनिर्भिरता बढ़ती है

'निवेश का पुण्य चक्र' एक ऐसी स्थिति है जहां निवेश से उत्पन्न सकारात्मक परिणाम आगे के निवेश को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे एक आत्मनिर्भर और लगातार बढ़ती हुई आर्थिक वृद्धि की स्थिति बनती है।

#### लाभप्रदता व पूंजी निर्माण में एक फासला रहा

नागेश्वरन ने कहा, "ऐसे में, लाभप्रदता की वृद्धि दर और पूंजी निर्माण की वृद्धि दर में एक छोटा फासला रहा है। अगर हमें वास्तविक रूप से न्यूनतम 6.5 प्रतिशत की सतत वृद्धि हासिल करनी है और उच्च वृद्धि दर का लक्ष्य रखना है तो इस अंतर को कम करना होगा।'



#### घरेलू आय और बचत में वृद्धि की जरूरत

सीईए ने कहा कि इसके साथ ही निजी क्षेत्र को पूंजी और श्रम के संतुलित उपयोग पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अगले 25 वर्षों में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र सहित क्षमता निर्माण में बहुत अधिक निवेश की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि भारत की पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए घरेलू आय और बचत में स्थिर वृद्धि की जरूरत होगी जो तभी संभव हो सकता है जब उनकी आय बढ़े।

#### भारत का पूंजी निर्माण केवल तीन फीसदी बढ़ा

सीईए ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि इस तरह की चुनौती का सामना आमतौर पर विकसित देशों को करना पड़ता है, न कि भारत जैसे विकासशील देशों को। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, "उदाहरण के तौर पर, भारत के निजी क्षेत्र की लाभप्रदता मार्च, 2024 तक 7.2 लाख करोड़ रुपये से चार गुना बढ़कर 28.7 लाख करोड़ रुपये हो गई लेकिन दूसरे दशक में पूंजी निर्माण केवल तीन गुना बढ़ा।"

#### पूंजी निर्माण ने भर्तियों को पीछे छोड़ा

नागेश्वरन ने कहा, "हम ऐसी चुनौती का सामना कर रहे हैं कि लाभप्रदता में वृद्धि न केवल पूंजी निर्माण में वृद्धि से अधिक हो गई है, बल्कि लाभ कमाने की क्षमता में वृद्धि ने वेतन वृद्धि और भर्तियों को भी पीछे छोड़ दिया है। यह कुछ ऐसी स्थिति है जिसे हम अगले 25 या 30 वर्षों तक नहीं झेल सकते हैं।"




# भारत की गोल्डन हैट्रिक : ज्योति, साबले और महिला रिले टीम एशियन चैंपियन

एजेंसी ▸▸| गुमी

भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को गोल्डन हैट्रिक पूरा किया। महिला बाधा दौड़ की नंबर एक धाविका ज्योति याराजी, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ज्योति और साबले के शानदार प्रदर्शन के बाद जिस्ना मैथ्यू, रूपल चौधरी, कुंजा राजिता और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ समय (3:34.18 सेकंड) निकालकर स्वर्ण पदक जीता और महाद्वीपीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन भारत का दबदबा कायम रखा। यह इस स्पर्धा में भारत का कुल मिलाकर 10वां और 2013 के बाद पहला स्वर्ण पदक था। भारत ने गुरुवार को कुल मिलाकर तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 14 हो गई।



### पदक का बचाव करने वाली 5वीं एथलीट

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।



### पुरुष रिले टीम ने जीता रजत पदक

जय कुमार, धर्मवीर चौधरी, मनु थेक्किनालिल साजी और विशाल टीके की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम भी स्वर्ण पदक की दावेदार थी, लेकिन उन्हें 3:03.67 सेकंड के समय के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले साबले सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। साबले ने आठ मिनट 20.92 सेकंड (8:20.92 सेकंड) का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। इसके तुरंत बाद ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.96 सेकंड का चैंपियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाते हुए इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।

आईपीएल एलिमिनेटर

## गिल के टाइटंस और हार्दिक की इंडियंस के बीच मुकाबला आज





**मुल्लांपुर।** खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा। खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम प्ले ऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे।

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





साई सुदर्शन — 679 रन — गुजरात

नूर अहमद — 24 विकेट — चेन्नई

### खबर संक्षेप



### हां, बिल्कुल है : कप्तानी के सपने पर बोले जडेजा

**नई दिल्ली।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं।'

### पाक ने बांग्लादेश को 37 रन से हराया



**लाहौर।** तेज गेंदबाज हसन अली ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने पहले टी20 में बांग्लादेश को 37 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ 56 रन की पारी खेली जिससे मेजबान टीम ने सात विकेट पर 201 रन का स्कोर खड़ा किया। शादाब खान ने 48 जबकि हसन नवाज ने 44 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 164 रन पर सिमट गई।

### कतर, बहरीन और ब्रुनेई से भिड़ेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम को गुरुवार को एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच में रखा गया और वह मेजबान कतर, बहरीन तथा ब्रुनेई दारुस्सलाम से भिड़ेगा। ड्रॉ का आयोजन कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में किया गया। ग्रुप एच की मेजबानी ग्रुप की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम कतर को मिली है और ग्रुप के मैच एक से नौ सितंबर के बीच खेले जाएंगे। क्वालीफायर के लिए 44 टीम को चार-चार टीम के 11 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप के विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ उप विजेता के अलावा मेजबान सऊदी अरब सहित 16 टीम जनवरी 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप के सातवें सत्र में हिस्सा लेंगी।

### आईपीएल : प्लेऑफ में बची हुई गेंद के लिहाज से सबसे बड़ी जीत

# बेंगलुरु ने चौथी बार फाइनल में बनाई जगह, पंजाब के पास एक और मौका

एजेंसी ▸▸| मुल्लांपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को चौथी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। आरसीबी ने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 10 ओवर रहते आठ विकेट से रौंदा। आईपीएल प्लेऑफ में यह बची हुई गेंद (60 गेंद) के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस तरह आरसीबी ने यह 2016 के बाद उसका पहला फाइनल होगा।

पंजाब किंग्स हारने के बावजूद फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा जो दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर समेट दिया। फिर फिल सॉल्ट नाबाद 56 रन ने विराट कोहली (12) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 30 रन और मयंक अग्रवाल (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 54 रन जोड़कर आरसीबी को 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर आसान जीत दिलाई।



### पंजाब ने बनाया अपना चौथा न्यूनतम स्कोर

यह आईपीएल प्लेऑफ का संयुक्त रूप से तीसरा न्यूनतम टोटल भी है। आईपीएल प्लेऑफ में सबसे कम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड डेक्कन चार्जर्स के नाम है जिसने 2010 में आरसीबी के खिलाफ 82 रन बनाए थे। यह पंजाब किंग्स का भी आईपीएल का चौथा न्यूनतम स्कोर है।

### प्लेऑफ में सबसे कम टीम स्कोर

| रन | टीम | खिलाफ | वर्ष | मैच |
|---|---|---|---|---|
| 82 | पुणे | बेंगलुरु | 2010 | तीसरा स्थान |
| 87 | दिल्ली | राजस्थान | 2008 | सेमीफाइनल |
| 101 | लखनऊ | मुंबई | 2023 | एलिमिनेटर |
| 101 | पंजाब | बेंगलुरु | 2025 | क्वालिफायर-1 |
| 104 | पुणे | चेन्नई | 2010 | सेमीफाइनल |

### छह बल्लेबाज नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

आरसीबी के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन के साथ पंजाब को तगड़ा झटका दिया। पंजाब की टीम 14.1 ओवर में 101 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। उसके लिए मार्कस स्टोइनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। वहीं, प्रभसिमरन और अजमतुल्लाह उमरजई 18-18 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के छह बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का कृणाल पंड्या बो दयाल | 07 | 05 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन का जितेश बो भुवनेश्वर | 18 | 10 | 2 | 1 |
| इंगलिस का भुवनेश्वर बो हेजलवुड | 04 | 07 | 0 | 0 |
| अय्यर का जितेश बो हेजलवुड | 02 | 03 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा बो यश दयाल | 08 | 10 | 1 | 0 |
| स्टोइनिस बो सुयश शर्मा | 26 | 17 | 2 | 2 |
| शशांक सिंह बो सुयश शर्मा | 03 | 05 | 0 | 0 |
| मुशीर पगबाधा बो सुयश शर्मा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| ओमरजई का जितेश बो हेजलवुड | 18 | 12 | 1 | 1 |
| हरप्रीत बरार बो शेफर्ड | 04 | 11 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 14.1 ओवर में 101/10
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 2-0-17-1, दयाल 4-0-26-2, हेजलवुड 3.1-0-21-3, सुयश 3-0-17-3, पंड्या 1-0-10-0, शेफर्ड 1-0-5-1.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट नाबाद | 56 | 27 | 6 | 3 |
| कोहली का इंगलिस बो जैमीसन | 12 | 12 | 2 | 0 |
| मयंक का अय्यर बो मुशीर | 19 | 13 | 2 | 1 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 15 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 10 ओवर में 106/2
गेंदबाजी : अर्शदीप 2-0-20-0, जैमीसन 3-1-27-1, ओमरजई 1-0-10-0, बरार 2-0-18-0, मुशीर 2-0-27-1.

### भारतीय हॉकी टीम यूरोप रवाना

**बेंगलुरु।** दुनिया के हॉकी खेलने वाले कुछ शीर्ष देशों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का यूरोपीय चरण सात से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में होगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'यूरोपीय चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा सामना दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों से होगा।

### भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ खेलेगी तीन वनडे मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल देश में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के तौर पर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमें सितंबर से नवंबर के बीच भारत का दौरा करेंगी और इस दौरान बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच खेले जाएंगे।

### टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन



**नई दिल्ली।** भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार हो रही मिश्रित दिव्यांग खिलाड़ियों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह श्रृंखला जून-जुलाई में लॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित स्थलों पर खेली जाएगी। रविंद्र गोपीनाथ संते टीम की अगुआई करेंगे जबकि वीरेंद्र सिंह को उपकप्तान बनाया गया है। इस दौरे का मुख्य आकर्षण 25 जून को लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा टी20 मैच होगा जिससे भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम को 'क्रिकेट का मक्का' कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित स्थल पर प्रतिस्पर्धा करने का दुर्लभ मौका मिलेगा।

फ्रेंच ओपन

## बोपन्ना और बालाजी जीते, पुरुष युगल के दूसरे दौर में 3 भारतीय



एजेंसी ▸▸| पेरिस

रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने रोलां गैरो पर अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारत के तीन खिलाड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को बुधवार देर रात 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और पावलासेक ने दो घंटे और 11 मिनट चले कड़े मुकाबले में चार बार विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़ी और अपनी पहली सर्विस पर 68 प्रतिशत अंक जीते। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में सिर्फ 51 मिनट में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेन्टीना के कैमिलो उगो काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया।

भारत और मैक्सिको की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबाव बनाते हुए चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। इस जोड़ी ने 10 में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। इससे पहले पुरुष युगल में युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे ने रोबिन हास और हेंड्रिक जेबेन्स को 6-3, 6-7, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### अनकैप्ड खिलाड़ी हमारी सफलता की कुंजी

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स टीम में आए बदलाव के सूत्रधार रहे रिकी पोंटिंग का मानना है कि नीलामी में टीम की रणनीति और 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने इस सत्र में अलग तरह से खेलने की उनकी योजना को फलीभूत करने में मदद की। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाई है। पोंटिंग ने कहा, 'हमने नीलामी से ही शुरुआत कर दी थी जब सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को बरकरार रखा जिसके लिए काफी आलोचना भी हुई। लोगों को लगा कि हमने गलती कर दी लेकिन मैं काफी स्पष्ट था कि टीम को कहां ले जाना चाहता हूं और उसके लिए हमने सही खिलाड़ी चुने।'

### सात्विक और चिराग की शानदार जीत, सिंधू-प्रणय हारकर बाहर

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21, 21-16, 21-19 से जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए।



## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट : गुकेश ने की 19वें जन्मदिन पर नाकामूरा को हराकर वापसी

एजेंसी ▸▸| स्टेवेंगर

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने 19वें जन्मदिन के मौके पर तीसरे दौर में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को हराकर अपने अंकों का खाता खोला।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां अर्जुन एरिगेसी को पहली हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले गुकेश ने रेपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामूरा को समय के दबाव में रखा और 42 चाल में बाजी जीतकर तीन अंक जुटाए। गुकेश सफेद मोहरों से खेलते हुए छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके तीन अंक के साथ चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी से आगे पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश ने कहा, 'काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि पहले की तुलना में आज मेरा समय प्रबंधन काफी बेहतर था। उसे (नाकामूरा को) कुछ मौके मिले लेकिन कुल मिलाकर मुकाबला अच्छा था।' अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया।




### करुआना छह अंक के साथ शीर्ष पर

करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### अनाधिकृत टेस्ट : इंग्लैंड के खिलाफ भारत का मुकाबला आज से

# लायंस के खिलाफ हालात को समझने उतरेंगे टेस्ट क्रिकेटर

एजेंसी ▸▸| कैंटरबरी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी समेत कई प्रमुख टेस्ट क्रिकेटर इंग्लैंड के हालात में ढलने की कोशिश करेंगे। भारत ए टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनाधिकृत टेस्ट खेलेगी।

जायसवाल और नीतिश के अलावा भारत ए टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करुण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला 20 जून से लीड्स पर शुरू होगी। करुण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत के लिए एक बल्लेबाज चाहिए। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिए भी बल्लेबाज चाहिए। ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं।



वह कई मौकों पर पहले भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे लेकिन चूक गए। अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं। चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं तो वह तीसरे नंबर पर और नए कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करुण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं जिन्होंने 2023-24 सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं।

### गेंदबाजी में हो आक्रामकता

भारत ए टीम और टेस्ट टीम में ठाकुर के चयन से साबित है कि टीम प्रबंधन गेंदबाजी में और आक्रामकता चाहता है। ऐसे में ठाकुर अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट टीम में शामिल जुरेल और एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हुए सरफराज खान खुद को तैयार रखेंगे ताकि अगर मौका मिलता है तो वे इसे भुना सकें।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

भारत ए : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

इंग्लैंड लायंस : जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, रेहान अहमद, सोनी बेकर, जोर्डन कॉक्स, रॉकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, जोश हुल, एडी जैक, बेन मैकिनी, डान माउसली, अजीत सिंह डेल, क्रिस वोक्स , मैक्स होल्डन।

# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2024 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 27+ Countries | Top Placements & Internships

## Faculty of Science

**B.Sc.**

**Biotechnology / Forensic Science /**
**Microbiology / Biochemistry**
**Bioinformatics / ZBC / PCM / Yoga**

**M.Sc.**

**Biotechnology / Forensic Science /**
**Microbiology / Biochemistry /**
**Bioinformatics / Physics / Chemistry /**
**Botany / Zoology / Mathematics / Yoga**

**Diploma / PG Diploma**
Yoga

**Bachelor & Master of**
Library and Information Science



## CAREER OPPORTUNITIES:

- Forensic Scientist
- Forensic Accountant
- Digital Forensics Analyst
- Biotechnologist
- Environmental Analyst
- Data Scientist
- Corporate Yoga Trainer
- Wellness Coach
- Science Teacher/Professor
- Holistic Health Practitioner

## Why Choose Kalinga University?

- Well-designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startups Opportunities

APPLICATIONS FOR **ENTRANCE EXAM** 2025-26 **OPEN!**

**Hostel & Transport facilities are available on a first-come, first-served basis.**

**Entrance Exam Scholarship (2025-26):**
You Can Get an Extra Scholarship Based on Marks Obtained in **KALSEE/KAL-MAT** Entrance Exam

**OUR TOP RECRUITERS**

Nestlé | Cipla | accenture | Dr. Reddy's Foundation | Himalaya Since 1930

And Many More...

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examination
**"KALSEE/KAL-MAT"**

www.kalingauniversity.ac.in | admissions@kalingauniversity.ac.in

गुरुवार को चिमड़ीपल्ली-टायदा के मध्य मालगाड़ी के 37 डिब्बे डिरेल हुए थे

# 26 घंटों के परिश्रम से सुरंग के भीतर और बाहर पटरी से उतरी 30 डिब्बे रिकवर किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केके रेल लाइन के अनंतगिरि घाट सेक्शन में गुरुवार के दोपहर 1 बजे किरन्दुल से विशाखापटनम लोह अयस्क से लदी मालगाड़ी के 37 डिब्बे चिमडीपल्ली-टायदा स्टेशन के मध्य रेल सुरंग के भीतर पटरी से उतर डिरेलमेंट हो गए थे। घटना के 26 घंटे बाद शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे तक पटरी से उतरे 37 में 30 को रिकवर किया जा चुके थे। जिस युध्यस्तर पर सुधार व मरम्मत का काम किया जा रहा है, उससे यह उम्मीद की जा रही है कि देर शाम तक सभी 37 बोगियों को पटरी से हटा दिए जाएंगे।

विशाखापटनम रेल मंडल सूत्रों के मुताबिक मरम्मत व सुधार कार्य में 320 मजदूर और 60 रेलवे स्टाफ लगे हैं, जो 26 घंटे के कड़े परिश्रम से सुधार कार्य को अंजाम देते देर शाम तक अन्य बोगियों को हटाने के कार्य मे जुटे रहे। घटना स्थल केके रेल लाइन के सर्वाधिक दुर्गम और घाट सेक्शन होने और रेल टू रोड कनेक्टिविटी नहीं होने से सुधार कार्य चुनौतीपूर्ण है।



घटना की जानकारी मिलते ही विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा, एडीआरएम इंफ्रा ई संथाराम और अन्य वरिष्ठ मंडल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मरम्मत कार्यों के लिए कर्मियों और सामग्री को मौके पर पहुंचाया।

### आधा दर्जन रिलीफ ट्रेन और क्रेन के सहारे चल रहा सुधार कार्य

घटना स्थल पर विशाखापटनम,अरकू, एसकोटा, कोरापुट से मरम्मत व सुधार कार्य के लिए रिलीफ ट्रेन पहुंचा है। जिसके माध्यम से बाधित केके लाइन को बहाल करने का काम किया जा रहा है। डीआरएम बोहरा के मार्गदर्शन में करीब आधा दर्जन एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, मानसून रिलीफ ट्रेन, एमएफडी और क्रेन के सहारे रेल सुरंग के भीतर और बाहर पटरी से उतरे बोगियों को हटाने का काम किया जा रहा है।

### पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रही

मालगाड़ी के 37 बोगिया पटरी से उतरने के परिणाम स्वरूप किरन्दुल से विशाखापटनम आने-जाने वाली पेसेंजर व नाइट एक्सप्रेस ट्रेन बाधित रही। 30 मई याने शुक्रवार को विशाखापत्तनम से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर रद्द की गई, जबकि किरंदुल से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर रद्द रही। वहीं शुक्रवार को 29 मई को विशाखापत्तनम से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस रद्द की गई। 30 मई को किरंदुल से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम रात्रि एक्सप्रेस रद्द भी निरस्त रही। 31 याने शनिवार को पेसेंजर ट्रेन का संचालन होने की उम्मीद है। जबकि नाइट एक्सप्रेस ट्रेन भी शनिवार को किरन्दुल से विशाखापटनम जाने और विशाखापटनम से किरन्दुल चलने के संकेत है।

## मुंबई से गिरफ्तार हुआ पासपोर्ट अधिकारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीएसके), मुंबई लोअर परेल स्थित एक कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक और एक एजेंट (निजी व्यक्ति) समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन पर रिश्वत के बदले फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने से जुड़े एक मामले में सीबीआई की नजर थी। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि लोअर परेल, मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्र के कार्यालय सहायक/सत्यापन अधिकारी और पासपोर्ट एजेंट के तौर पर काम करने वाले अन्य निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।





अंबेडकर अस्पताल का मामला

## हाईकोर्ट ने आपरेशन के लिए लंबी वेटिंग मामले में स्वास्थ्य सचिव से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

अंबेडकर अस्पताल में कैंसर सर्जरी सहित अन्य आपरेशन के लिए लंबी वेटिंग से परेशान मरीज मामले में हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव से व्यक्तिगत शपथ पत्र में जवाब मांगा था। मामले में स्वास्थ्य सचिव का व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया जा सका, वहीं महाधिवक्ता की ओर से समय मांगा गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं और मरीजों को हो रही परेशानी को लेकर छपी मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से यह संज्ञान लेकर स्वास्थ्य सचिव से जवाब मांगा था।




प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हादसा

## द. कोरिया में नौसेना का गश्ती विमान क्रैश, चार की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के सभी चार सदस्यों की मौत हो गई। नौसेना ने एक बयान में कहा कि पी-3सी गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। नौसेना ने कहा कि उसने चालक दल के चार सदस्यों के शवों की पहचान कर ली है। नौसेना ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है और पी-3 की सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।



### स्थानीय लोगों ने सुनी धमाके की आवाज

पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज सुने जाने की सूचना दी। 'योनहाप' समाचार एजेंसी ने दुर्घटना की तस्वीरें प्रकाशित की हैं। दुर्घटनास्थल पर आग की लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। दमकल कर्मी दुर्घटनास्थल के पास आग बुझाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की घटना

## कर्जदार शख्स पत्नी, बेटी की हत्या कर फांसी पर झूला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कर्ज में डूबे एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बबलू घोष (62), उनकी पत्नी प्रतिमा (46) और बेटी पौषाली (13) के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बबलू घोष ने कई लोगों से कर्ज लिया था और उसे चुका पाने में असफल रहे थे जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि उनके शव चंदननगर के कोलुपुकुर के गारेधर इलाके स्थित उनके आवास से देर रात करीब दो बजे बरामद किए गए।



### सट्टेबाजी की लत ने बनाया कर्जदार

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, वह पहले टिन बॉक्स कारखाने में काम करते थे, फिर उन्होंने टोटो (ई-रिक्शा) चलाया और अंत में अपने घर में एक छोटी दुकान खोली थी। कुछ समय बाद वह सट्टेबाजी के धंधे में भी शामिल हो गए और बड़ी राशि उधार ले ली।'' उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

आरोपी के पास से जेवर-नकद बरामद


## तीन पत्नियों और नौ बच्चों को पालने बन गया चोर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 36 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो कथित तौर पर अपनी तीन पत्नियों और नौ बच्चों की देखभाल करने के लिए चोर बन गया था। थाना प्रभारी आर रंगास्वामी ने बताया कि पुलिस ने बाबाजान के पास से 188 ग्राम सोने के आभूषण, 550 ग्राम चांदी के आभूषण और 1,500 रुपए नकद बरामद किए। बेंगलुरू के इलेक्ट्रॉनिक सिटी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने चोरी के आठ मामले सुलझा लिये हैं।



### चोर बनने की कहानी सुन सिर चकराया

रंगास्वामी ने कहा कि व्यक्ति ने बताया कि उसके लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल था इसलिए वह चोरी करने लगा और चोर बन गया। उसके मुताबिक उसकी पत्नियां बेंगलुरु, चिक्काबल्लापुरा और श्रीरंगपटना के बाहरी इलाके में अनेकल के पास शिकारीपाल्या में हैं। अधिकारी ने कहा, वह तीनों पत्नियों और नौ बच्चों के संपर्क में है और वह उन सभी की देखभाल कर रहा है। वह एक पेशेवर चोर बन गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com